# भाषा-जाति के नाम पर हिंसा खतरनाक : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हर भारतीय को भारतीयता पर गर्व करके कार्य करना चाहिए। पार्टी मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने यहां केंद्रीय कैंप कार्यालय में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल की संगठनात्मक तैयारी और जनाधार बढ़ाने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गहन समीक्षा बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाषा और जातीय हिंसा आदि मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मायावती ने केंद्र और राज्य की सरकारों से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि जैसे जनहित के जरूरी मुद्दों पर खास ध्यान देने की मांग की। मायावती ने खासतौर से महाराष्ट्र और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों में भाषाई विवाद व उसको लेकर हिंसा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, ''ऐसी प्रवृत्ति घातक है और यह सब तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने का प्रयास करती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, जहां से सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपेक्षा की कि मुंबई में रहने वाले लोगों की जान माल और मजहब की सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करनी चाहिए। बसपा प्रमुख ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार के भीतर राजनीतिक गुटबाजी टकराव से उत्पन्न अस्थिरता के माहौल की ओर संकेत करते हुए कहा कि इससे कानून का राज प्रभावित हो रहा है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में हालांकि अलग-अलग पार्टी व गठबंधन की सरकार हैं लेकिन वहां भी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की स्थिति कोई अलग और बेहतर नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, ''हर मुसीबत के समय पूरी निष्ठा के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद जरूर करें, क्योंकि मजलूम ही मजलूम का सही मददगार हो सकता है, वरना राजनीतिक स्वार्थ के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है।'' बयान के मुताबिक, बसपा प्रमुख ने सातों राज्यों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक प्रगति के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बसपा चीफ ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने-अपने राज्यों में व्याप्त कमियों पर ध्यान दें और उन्हें दूर करें। साथ ही, आंबेडकरवादी मूल्यों जैसे मानवतावादी सोच, ईमानदार चरित्र और स्वाभिमानी नेतृत्व को बनाए रखते हुए बाबा साहब आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाएं।

# दुकानदारों से पहचान उजागर करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवमानना : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी सरकार द्वारा काँवाड़ यात्रा के दौरान ढाबों, होटलों और ठेलों के मालिकों से अपनी पहचान उजागर करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले साल ऐसे ही आदेश पर लगाई गयी रोक की अवमानना है। जिसपर सुप्रीम कोर्ट को स्वतः संज्ञान लेकर कार्यवाई करनी चाहिए. ये बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 203 वीं कड़ी में कहीं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को अपने आदेश में योगी सरकार की ऐसे ही साम्प्रदायिक और विभाजनकारी आदेश पर रोक लगाते हुए इसे क़ानून विरोधी माना था। ऐसे में उसी साम्प्रदायिक उद्देश्य से नए सिरे से अगर सरकार कोई आदेश जारी करती है तो यह सुप्रीम कोर्ट की अवमानना है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट अपनी अवमानना पर स्वतः संज्ञान नहीं ले पाया. जिसके कारण उन व्यक्तियों में से एक को दुबारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी जिसकी याचिका पर पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगाया था।

उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट अपनी अवमानना पर चुप रहे और याचिकाकर्ता को ही बार बार कोर्ट जाना पड़े तो इससे सुप्रीम कोर्ट की कार्यशाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि यह संयोग दुर्भाग्यपूर्ण है कि 2014 के बाद से ही अल्पसंख्यकों के हितों पर होने वाले प्रत्यक्ष हमलों की घटनाओं पर अदालतों द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के उदाहरण न के बराबर दिख रहे हैं। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि दुकान मालिकों की धार्मिक पहचान उजागर करवाकर योगी सरकार उनके ख़िलाफ हिंसक तत्वों को उकसा रही है। ऐसे में अगर किसी के भी ख़िलाफ हिंसा होती है तो इसके लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने आदेश की अवमानना पर स्वतः संज्ञान न लिया जाना भी कारण होगा।

## डंपर की टक्कर में घायल दरोगा वीरेंद्र प्रताप सिंह का पीजीआई में इलाज के दौरान निधन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज कमिश्नरेट के मांडा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र प्रताप सिंह का शनिवार को लखनऊ पीजीआई में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 20 दिन पहले ड्यूटी से लौटते समय डंपर की चपेट में आ गए थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मूल रूप से देवरिया जनपद के भटनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर खुरहूरिया गांव निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह जून माह में एक रात गश्त के दौरान बाइक से लौट रहे थे। धारावनारा स्थित ढाबे पर भोजन करने के बाद जब वह टिकरी क्षेत्र से होकर लौट रहे थे, तभी एक बेकाबू डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। पहले स्वरूपरानी अस्पताल और फिर लखनऊ पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां लगातार 19 दिन इलाज चलने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतक दरोगा अपने पीछे पत्नी माधुरी देवी, बेटा सूरज और बेटी काजल को छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिवार में कोहराम मच गया है। शव को पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया। दीधिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना के जिम्मेदार डंपर और चालक का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को पकड़ने का भरोसा दिलाया है।

## पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या को हाईकोर्ट से नोटिस, पति ने गुजारा भत्ता दिलवाने की लगाई गुहार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चर्चित पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनके पति आलोक मौर्या, जो पेशे से सफाईकर्मी हैं, ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में गुजारा भत्ता दिलवाने के लिए अपील दाखिल की है।
आलोक मौर्या की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ज्योति मौर्या को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त 2025 को निर्धारित की है। गौरतलब है कि ज्योति मौर्या पहले भी अपने वैवाहिक विवादों को लेकर लगातार चर्चा में रही हैं। उनके और उनके पति के बीच चल रहे मतभेद बीते वर्षों में मीडिया और सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। सिर्फ पारिवारिक विवाद ही नहीं, उनके कौशांबी में कार्यकाल के दौरान भी कई विवादास्पद निर्णय और व्यवहार चर्चा में रहे। स्थानीय स्तर पर उनके कारनामों को लेकर कई बार सवाल उठे, जो प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा का विषय बने। अब एक बार फिर मामला अदालत तक पहुंचने से यह प्रकरण जनचर्चा और संवैधानिक बहस का विषय बन गया है।

## सुरेश लोधी के दुर्घटनावश निधन पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त की

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में मंजू टंडन ढाल के पास खुले नाले में सुरेश लोधी के गिर कर डूबने से असमय मृत्यु हो गयी है।
जानकारी मिलने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेश लोधी का दुर्घटनावश निधन अत्यंत पीड़ादायक व हृदयविदारक है। इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मेरी पूरी संवेदना है। मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता कोष से ?5 लाख की राशि प्रदान की गई है। साथ ही दैवीय आपदा राहत कोष से ?4 लाख की अतिरिक्त राशि पीड़ित परिवार को दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मृतक के परिजनों को आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा। आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर पीड़ित परिवार के साथ है और परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

## आकाशीय बिजली गिरने से छत पर रखा हुआ समान जला,कुछ पालतू कबूतरों की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज क्षेत्र के गांव घुसकर में रविवार के दिन एक घर में आकाशीय बिजली गिरने से छत गिरने छत गिरने के अलावा उस कमरे में रखा हुआ पूरा सामान जलकर राख हो गया इसके अलावा इस घटना में गृहस्वामी के सभी पालतू कबूतरों की मौत हो गई। घुसकर गांव के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार 1:15 बजे बारिश होने के साथ ही आकाशीय बिजली कड़कने की आवाज सुनाई पड़ी।बाद में जानजारी मिली कि बिजली घुसकर के ही निवासी अजय कन्नौजिया पुत्र स्वर्गीय रातिपाल के पर गिरी थी।गांव वालों के अनुसार जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई उस समय घर मालिक खेत गया हुआ था तो उसकी बूढ़ी मां पड़ोसी के घर गई हुई थी इस लिए घर में कोई जन हानि नहीं हुई।बिजली गिरने की घटना में घर में आग लग गई थी।समान जल गया।पालतू कबूतरो की मौत हो गई।इस घटना में सुरक्षा को देखते हुए फायर बिग्रेड की गाड़ी भी बुला ली गई थी।

## निजीकरण के खिलाफ 20 को लखनऊ में एआईपीईएफ फ़ेडरल काउंसिल की बैठक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे और सेक्रेटरी जनरल पी रथनाकर राव ने बताया कि आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन (एआईपीईएफ) की संघीय परिषद(फ़ेडरल काउंसिल ) की बैठक 20 जुलाई को लखनऊ में होगी।
फ़ेडरल काउंसिल की बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की चल रही प्रक्रिया पर चर्चा की जाएगी, महाराष्ट्र में समानांतर वितरण लाइसेंस के माध्यम से बिजली वितरण के निजीकरण, और टैरिफ–आधारित कंपीटीटिव बिडिंग के माध्यम से ट्रांसमिशन प्रणाली के निजीकरण, ट्रांसमिशन परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण, और एक राज्य के स्वामित्व वाली बिजली उत्पादन कंपनी से जुड़े संयुक्त उद्यम(ज्वाइंट वेंचर ) के गठन पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि सभी प्रान्तों के विद्युत अभियन्ता संघों के पदाधिकारी फ़ेडरल काउंसिल मीटिंग में वर्तमान स्थिति का जायजा लेकर उपयुक्त आंदोलन कार्यक्रमों का निर्णय लेने के लिए दिन भर के लंबे विचार –विमर्श में भाग लेंगे। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन ने यूपी और महाराष्ट्र में चल रहे निजीकरण के घटनाक्रमों पर गंभीर नोट लिया है और निजीकरण के असफल प्रयोगों को आगे बढ़ाने पर चिन्ता जताई है। फ़ेडरेशन ने विद्युत कर्मचरी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र द्वारा यूपी में कई स्थानों पर बिजली महापंचायत के आयोजन को समयानुकूल बताते हुए कहा कि बिजली क्षेत्र की सुरक्षा के लिए उपभोक्ताओं, किसानों और अन्य हितधारकों की मदद से बिजली क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता है। अभियंता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने यहां कहा कि लखनऊ में संघीय परिषद की बैठक पिछले सात महीनों से निजीकरण के खिलाफ संघर्षरत उप्र के बिजली इंजीनियरों और कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ावा देगी। फ़ेडेरेशनकी काउंसिल मीटिंग के खुले सत्र में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, यूपी, संयुक्त किसान मोर्चा और उपभोक्ता मंच को आमंत्रित किया गया है। फ़ेडरेशन की मीटिंग में सभी स्टेकहोल्डर्स को साथ लेकर निजीकरण के विरोध में संयुक्त संघर्ष की रणनीति तय की जाएगी।

# सीबीगंज में ट्रांसफार्मर में लगी आग, ढाई घंटे तक अंधेरे में रहे कस्बावासी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बरेली। सावन की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग की लापरवाही उजागर होने लगी हैं। रविवार तड़के पस्तौर रोड पर आरआर फैक्टरी के सामने लगे ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे पूरे सीबीगंज की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कस्बे के लोग ढाई घंटे तक अंधेरे में डूबे रहे।



ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना देने के लिए लोग लोहिया विहार कंट्रोल रूम से लेकर जेई रविंद्र कुमार और एसडीओ अभिषेक कपासिया तक को लगातार फोन करते रहे, लेकिन न किसी ने कॉल उठाया और न ही मौके पर मदद पहुंची। थक-हारकर जब लोग खुद विद्युत स्टेशन पहुंचे तो वहां का नजारा और भी चौंकाने वाला था। मुख्य गेट पर ताला जड़ा था और अंदर एसएसओ शिवम आराम से सोते मिले। इस घोर लापरवाही की वजह से ट्रांसफार्मर का पूरा एलटी बॉक्स जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक, विद्युत स्टेशन में रात की ड्यूटी में सिर्फ एसएसओ और एक दिव्यांग लाइन पुली मानसिंह मौजूद रहते है। आग लगने की सूचना मिलते ही मानसिंह ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य लाइन काटकर आपूर्ति चालू कराई, वरना नुकसान और बढ़ सकता था। क्षेत्रवासियों में विद्युत स्टेशन के अधिकारियों और कर्मियों के रवैये को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह फ़ेल हो चुकी है। न तो कोई अधिकारी मौके पर मिलता है, न ही आपात स्थिति में विभाग की कोई कार्रवाई होती है। सावन जैसे संवेदनशील महीने में भी विभाग की लापरवाही ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

# पार्षदों ने उठाई खुले नालों और जलभराव की गंभीर समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज के राधाग्राम क्षेत्र में युवक की खुले नाले में गिरकर हुई मौत के बाद लखनऊ नगर निगम की लापरवाही को लेकर शहर भर में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस हादसे ने जहां नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है, वहीं अब कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की स्थिति को लेकर नगर आयुक्त से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कश्मीरी मोहल्ला वार्ड के पार्षद लाइक आगा ने नगर आयुक्त से मांग कि है की उनके वार्ड में करीब 25 से 30 नालों के ढक्कन टूटे या गायब हैं। उन्होंने कहा कि बारिश में गलियों में जलभराव के कारण यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि कहां नाला खुला हुआ है, जिससे जानलेवा खतरा बना रहता है। लाइक आगा ने आरोप लगाया कि वे पहले भी कई बार लिखित शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह अंबरगंज वार्ड की पार्षद सबा अहसन ने ज़ोन-6 के अभियंत्रण विभाग को पत्र भेजकर वार्ड की संवेदनशील लोकेशनों पर तत्काल ढक्कन लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दरी वाली पुलिया से खजूर वाली मस्जिद और बीएसडी स्कूल से हुब लाल मंदिर तक कई स्थानों पर नाले खुले पड़े हैं। उनका कहना है कि बारिश में पानी भर जाने पर ये नाले नजर नहीं आते, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। वहीं भवानीगंज वार्ड के भाजपा पार्षद संतोष



राय ने नगर निगम की बरसात पूर्व तैयारियों पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हल्की बारिश में ही उनके क्षेत्र की कई गलियों में जलभराव हो गया, लेकिन नगर निगम के अभियंताओं ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम की व्यवस्था इतनी लचर है कि जलभराव की स्थिति में पानी निकालने के लिए मोटर तक उपलब्ध नहीं है। बड़ा सवाल यह है की राधाग्राम जैसी घटनाएं लखनऊ में नई नहीं हैं। पिछले वर्षों में भी बच्चों और युवकों के नालों में गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन नगर निगम और ठेकेदारों की लापरवाही बरकरार है।

### विकास खंड कोरांव की अधिकांश सडकों का हाल खस्ताहाल

# सड़क नहीं पगडंडी कहिये जनाब!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज)। विकास खंड कोरांव के बड़ोखर से चिराव सड़क और अन्य मार्गों की स्थिति बहुत खराब है। सड़कों पर गड्ढे और पानी भरने से आवागमन में परेशानी हो रही है। इसके अलावा, सड़कों के दोनों तरफ अतिक्रमण से भी समस्या और बढ़ गई है।

बड़ोखर से मानपुर गांव को जाने वाली मुख्य सम्पर्क मार्ग, धुस मोड़ से हनुमानगंज पैतिहा रोड, और देवघाट से बड़ोखर सड़क की खराब स्थिति से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। सड़कों की मरम्मत और अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता है। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत और अतिक्रमण हटाने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और सड़कों की स्थिति में सुधार होगा। जो सडके बनाई भी जा रही उनका निर्माण कार्य मानक के



अनुसार नहीं कराया जाता जिस कारण चंद समय मे सड़क पूरी टूट जा रही सरकार का लाखो करोड़ो रूपये काम कराने के नाम पर निकासी कर सरकार के धन का बंदर बाट किया जा रहा बहुत जगह मुख्य सम्पर्क मार्ग से लगे हुए हैण्डपम्प है पानी निकासी ब्यवस्था नहीं है जिस कारण पानी मुख्य सम्पर्क मार्ग पर बहा रहे जिस कारण सड़क मे पानी जमा हो रहा बड़े बड़े ओबर लोड वाहनों के आवागवन पर प्रतिबन्ध न होने से क्षमता से अधिक लोड दबाव के कारण भी ज्यादातर सडके खराब हो जा रही सड़क खराब होने के तीन वजह मुख्य हैं जैसे बड़े और ओवरलोड वाहनों के आवागमन से सड़क पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे सड़क जल्दी खराब हो जाती है। सड़कों के दोनों तरफ अतिक्रमण होने से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है, जिससे सड़क पर दबाव बढ़ता है और सड़क खराब हो जाती है। सड़क निर्माण में मानकों का पालन न करने से सड़क की गुणवत्ता खराब होती है और सड़क जल्दी खराब हो जाती है। यदि जिम्मेदार अधिकारी अपना अपना जिम्मेदारी बखूबी ईमानदारी से निभाये तो जीवनकाल बढ़ सकता है और लोगों को आने-जाने में सुविधा हो सकती है।*

# प्रयागराज नगर निगम में करोड़ों का घोटाला

### जीआईएस सर्वे की आड़ में टैक्स घपला, निगम की पारदर्शिता पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । प्रयागराज नगर निगम एक बार फिर घोटाले के घेरे में आ गया है। इस बार मामला जीआईएस आधारित भवन कर सर्वेक्षण से जुड़ा है, जिसमें करोड़ों रुपये की गड़बड़ी सामने आई है। विशेष ऑडिट रिपोर्ट में हुए खुलासे के अनुसार नगर निगम के दो आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर और एक कर समाहर्ता ने मिलकर ?1.44 करोड़ से अधिक की टैक्स वसूली की राशि गबन कर ली। आरोपियों ने यह रकम भवन स्वामियों से नकद वसूली के जरिए जमा की, लेकिन निगम के खाते में इसे ट्रांसफर नहीं किया गया।

इस घोटाले का खुलासा उस वक्त हुआ जब एक व्यक्ति ने शिकायत की कि टैक्स भुगतान के बावजूद उसकी राशि निगम रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुई। इसके बाद नगर निगम ने मामले की जांच के लिए टीम गठित की और प्राथमिक जांच में ही बड़ा घोटाला सामने आ गया। बताया गया कि यह मामला 3 और 7 जून के बीच का है और अन्य जोनों की जांच अभी बाकी है।



आशंका जताई जा रही है कि गबन की कुल राशि इससे कहीं अधिक हो सकती है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने दोनों ऑपरेटरों के खिलाफ थाना करनलगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है और कर समाहर्ता को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही निगम ने गबन की गई रकम की कानूनी वसूली प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। हालांकि, अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल उठ रहा है कि जीआईस सर्वे वास्तव में हुआ भी था या नहीं। सूत्रों का दावा है कि निगम ने किसी अधिकृत या विशेषज्ञ एजेंसी से जीआईएस सर्वे न कराकर कुछ आउटसोर्स लड़कों और निजी व्यक्तियों से मनमाने ढंग से सर्वे करवा लिया। इससे पूरी प्रक्रिया की सत्यता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि नगर निगम का दावा है कि अब टैक्स वसूली की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल कर दी गई है। भुगतान केवल निगम के अधिकृत पोर्टल, काउंटर, ठ्य्क्र या कार्ड के माध्यम से ही संभव है। आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा नकद वसूली पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है और तीन स्तरीय निगरानी तंत्र लागू किया गया है। साथ ही नागरिकों को अधिकृत रसीद प्राप्त करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेकिन वास्तविकता यह है कि फिजिकल वेरिफिकेशन और स्व-आकलन के आंकड़ों में भारी अंतर सामने आया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि या तो (जीआईएस) जीआईएस सर्वे कागजों तक सीमित रहा या उसे जानबूझकर अनदेखा किया गया। नगर निगम के उच्च अधिकारी इस मामले पर अब तक खुलकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं, जिससे जन विश्वास और भी कमजोर हो रहा है। शहरवासियों में यह चिंता व्याप्त है कि यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा, जैसा कई बार पहले भी हो चुका है। नगर निगम प्रयागराज का दावा है कि वह पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त कर प्रणाली के लिए कटिबद्ध है, लेकिन इस घोटाले ने निगम की साख को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। यदि समय रहते इस मामले की सख्त और निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो यह केवल आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि प्रशासनिक विश्वास का बड़ा संकट बन सकता है।

शहर के नागरिक अब यह जानना चाहते हैं कि जीआईएस सर्वे किस एजेंसी से, कितने भवनों का, कितनी लागत पर और किस प्रक्रिया के तहत कराया गया था, और इसका वेरीफिकेशन किसने किया। इन सभी सवालों के जवाब जब तक नहीं मिलते, प्रयागराज नगर निगम की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में ही बनी रहेगी।

# डीजी जेल ने किया नैनी सेंट्रल जेल व जिला कारागार का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । महानिदेशक कारागार, पी.सी. मीणा ने रविवार को केंद्रीय कारागार नैनी और जिला कारागार नैनी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के तहत जेल परिसर में पौधे भी लगाए। जेल गेट पर भारत द्वारा सलामी दिए जाने के बाद उन्होंने जेल का विस्तार से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीजी जेल ने सर्कल में बंद कैदियों से बातचीत की और जेल प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए और कैदियों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की।

इसके अलावा, उन्होंने हाई सिक्योरिटी सेल और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, कैमरों की फुटेज को विस्तार से देखा और निगरानी की मौजूदा प्रक्रिया की भी समीक्षा की। मीडिया से बात करते हुए डीजी जेल ने बताया कि माफिया आई के बेटे अली की बैग से मिली नगदी की जांच जारी है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी जेलर कंाती देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी पर हुई कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर ही कार्रवाई की गई है। डीजी जेल लगभग ढाई घंटे तक निरीक्षण के दौरान दोनों जेल परिसरों में मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया नें मनाया 14वां सथापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया सीतापुर ने अपने 14वे स्थापना दिवस के अवसर पर प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के माध्यम से रोजगार बढाने व आत्मनिर्भर किसान बनने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र कटिया की स्थापना वर्ष 2011 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पूसा नई दिल्ली द्वारा की गई थी जिसके क्रम मे वर्ष 2012 से वैज्ञानिको ने अपना पदभार सभालते हुए जनपद के 9 विकास खंडों एलिया, महोली, हरगाँव, लहरपुर, परसेडीं, बिसवा, सकरन, रेउसा और बेहटा में किसानो से सम्पर्क करते हुए क्षेत्र एवं संसाधन आधारित तकनीकों पर किसानो को निरंतर जागरुक एवं प्रेरित कर रहा है

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया एस श्रीवास्तव ने किसानो को अवगत कराया कि केन्द्र के माध्यम से किसानो की 175 पौध प्रजातियो को उनका मालिकाना हक दिलाने के लिए प्रयास किया गया जिससे अब तक कुल 11 पौध प्रजातियो के मालिक सीतापुर के किसान बन चुके है बाकी के परीक्षण जारी है बकरी पालन के क्षेत्र मे बरबरी नस्ल को बढावा देते हुए लगभग 4000 नस्लों का सुधार किया गया, कुक्कुट पालन के क्षेत्र मे कडकनाथ, असील, कारी देवेन्द्र, कारी श्यामा, कारी निर्भीक, वनराजा जैसी नस्लों के माध्यम से कृषक आजीविका बढाने में अहम भूमिका रही, एजोला व नैपियर के माध्यम से पशु पोषण व स्वास्थ्य में सुधार करते हुए जनपद व निकटवर्ती जनपदों के किसानो को लाभान्वित किया गया, मोटे अनाजो की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र पर प्रसंस्करण ईकाई की स्थापना की जा रही है दलहन व तिलहन को बढावा देने के लिए समूहबद्ध प्रदर्शन के माध्यम से किसानो को उन्नत बीज, लाइन बुवाई, बीज व भूमि उपचार, समेकित पोषक तत्व एवं नाशीजीव प्रंबधन पर कृषकों को जागरुक किया जा रहा है मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए सनई बीज उत्पादन, व प्राकृतिक खेती को बढावा देने के प्रक्षेत्र प्रदर्शन व प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किए जाते है

कृषक उत्पादक संगठन एवं कृषि सखी, पशु सखी को निरंतर प्रशिक्षण प्रेरणा व समन्वयन कर नवोन्मेषी तकनीक का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है मूँगफली की खेती को बढावा देने हेतु क्षेत्र अनुकूल प्रजातियों का बीज उत्पादन व ड्रोन तकनीक से कृषको के प्रक्षेत्र पर प्रदर्शन कराए जा रहे है

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती पर विशेष कार्य करने वाली सीता देवी, देशी गायों के घी उत्पाद मे रमेश मिश्रा, पारिस्थितिक अभियांत्रिकी तकनीक अनुपालन के लिए पंकज दीक्षित, सनई बीज उत्पादन के लिए मेडी लाल, एजोला उत्पादन के लिए लक्ष्मी मिश्रा, देशी बीज संरक्षण के लिए जय देवी समेत कुल 32 कृषको को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिकों के विशेष योगदान हेतु डॉ आनंद सिंह को एकीकृत फसल प्रणाली प्रदर्शन इकाई, शैलेन्द्र सिंह को मूँगफली खेती प्रोत्साहन, डॉ शिशिर कंात सिंह को अंगीकृत गांव मे तिलहन मॉडल गांव विकसित करने, सचिन प्रताप तोमर को प्राकृतिक खेती, डॉ रीमा देवी को मोटे अनाज को प्रोत्साहन व डॉ योगेन्द्र प्रताप सिंह को कृषि साहित्य के लिए सम्मानित किया गया।

## श्रावण मास के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित मंदिरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । श्रावण मास के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सीतापुर नगर क्षेत्र स्थित श्यामनाथ मंदिर, नैमिषारण्य स्थित देवदेवेश्वर मंदिर एवं राजघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने पूजन अर्चन कर सभी के कल्याण की कामना भी की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु समस्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। व्यवस्थित रूप से कांवड़ यात्राएं सम्पन्न हो तथा शिव मंदिरों में दर्शन एवं जलाभिषेक हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे अनवरत रूप से संचालित रखे जाए एवं कंट्रोल रूम से इनकी नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाय। सम्बंधित अधिकारी इसकी लाइव फीड प्राप्त कर निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधिकारी अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहें। जिन विभागों को जो दायित्व आवंटित किए गए हैं, उनका पूर्ण निष्ठा से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखी जाय तथा गड़बड़ी फैलाने का प्रयास करने वालो को चिह्नित कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

?जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि रूट डायवर्जन प्लान का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था करने के साथ ही वाहनों को पार्किंग स्थलों में पार्क कराए जाने की व्यवस्था की जाये। इसके लिए उचित संकेतक भी स्थापित कराए जाय। पार्किंग स्थलों के पास पेयजल, मोबाइल टायलेट आदि का समुचित प्रबंध किया जाय। पार्किंग स्थलों की भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाय। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को भी संचालित रखा जाये तथा आवश्यक सूचनाओं को उद्घोषणा किए जाने हेतु समुचित प्रबंध किया जाये।

?जिलाधिकारी ने घाटों के निकट सफाई, बैरिकेटिंग, संकेतक, प्रकाश आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घाटों से श्रद्धालु जलाभिषेक हेतु जल लेते हैं, वहां सुरक्षा के दृष्टिगत संकेतक लगवाएं जाये। घाटों पर गहरे जल में कोई न जाय, इसके लिए बैरिकेटिंग का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाये। पर्याप्त जल पुलिस, गोताखोरों एवं नाविकों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। भीड़ प्रबंधन हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, मोबाइल टॉयलेट आदि का भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये।

?मंदिरों में दर्शनार्थियों एवं कावड़ियों की सुविधा के दृष्टिगत उचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाये। भीड़ के प्रबंधन हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार कर इसके अनुसार सुचारू रूप से दर्शन की व्यवस्था की जाय। देवदेवेश्वर में संपर्क मार्गों को तत्काल ठीक कराए जाने हेतु एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। राजघाट पर रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा के दृष्टिगत ट्री गार्ड लगवाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानकों के अनुसार ड्यूटी लगाते हुए समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि सम्बंधित अधिकारी एवं सचल दल निरन्तर भ्रमणशील रहें तथा कड़ी निगरानी रखें।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, संबंधित नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी, विद्युत, पंचायती राज विभाग सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन में शिव आराधना का विशेष महत्व: पौराणिक कथाओं और व्रत-पूजन की महिमा पर बोले पं. हिमांशु शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन, खीरी। सावन मास का शुभारंभ 11 जुलाई से हो चुका है और इस वर्ष शिव भक्तों को चार विशेष सोमवार की सौगात मिली है। यह महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, जिसमें व्रत, पूजन और रुद्राभिषेक करने से भक्तों को असीम पुण्य और सुख-शांति की प्राप्ति होती है। पंडित हिमांशु शुक्ला ने सावन माह की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह महीना शिवभक्ति के लिए अत्यंत फलदायी होता है।

पं. शुक्ला के अनुसार एक प्राचीन कथा है कि देवी सती द्वारा अपने पिता दक्ष के यज्ञ में आत्मोत्सर्ग के बाद, उन्होंने अगले जन्म में पार्वती रूप में जन्म लेकर सावन मास में कठोर तप कर शिवजी को प्रसन्न किया और उनसे विवाह किया। तभी से सावन भगवान शिव का प्रिय मास माना जाने लगा।

एक अन्य कथा में बताया गया कि महर्षि मरकंडु के पुत्र मार्कंडेय ने सावन मास में कठोर तपस्या कर दीर्घायु प्राप्त की थी। उनकी भक्ति से यमराज भी पराजित हो गए थे और उन्हें अमरत्व प्राप्त हुआ। इस मास में भगवान शिव अपनी ससुराल हिमालय जाते हैं, जहाँ उनका जलाभिषेक कर स्वागत होता है। यही कारण है कि सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन भी सावन मास में ही हुआ था। समुद्र से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने ग्रहण कर सृष्टि की रक्षा की और नीलकंठ कहलाए। उस विष की तीव्रता को शांत करने के लिए सभी देवताओं ने उन्हें गंगा जल चढ़ाया, जिससे श्रावण में जलाभिषेक की परंपरा आरंभ हुई।

पं. शुक्ला ने बताया कि धर्म ग्रंथों में शिव को ''रुद्र'' कहा गया है और रुद्राभिषेक से मनुष्य के पाप जलकर भस्म हो जाते हैं। महापातक से भी मुक्ति मिलती है। ऐसा माना जाता है कि शिव पूजन से समस्त देवताओं की पूजा स्वतः हो जाती है इस पवित्र मास में श्रद्धालुओं को रुद्राभिषेक, व्रत और शिव आराधना कर जीवन को सुख, समृद्धि और मोक्ष की ओर ले जाना चाहिए।

# दूरी पर भारी पड़ी आस्था, 51 लीटर जल लेकर पैदल तय करेंगे 35 किलोमीटर की यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। कहते हैं कि जब मन में सच्ची आस्था हो तो बड़ी बड़ी बाधाएं अपने आप दूर हो जाती हैं। जब मन में कठोर संकल्प हो ईश्वर भी शक्ति प्रदान करता है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण श्रावण मास के पहले रविवार को चहलारी घाट और बिसवां के बीच देखने को मिला जहां भोलेनाथ का एक भक्त कंधे पर कांवड़ में 51 (इक्यावन) लीटर जल लेकर पैदल जाता मिला। जिसमें ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास भरा था। जहांगीराबाद निवासी नमन गौड़ कंधे पर कांवड़ में इक्यावन लीटर जल लेकर जाता हुआ मिला। उसने बताया कि चहलारी घाट के निकट बह रही पवित्र सरयू (घाघरा) नदी से दो प्लास्टिक के साफ करपों में जल भरकर कांवड़ बनाकर उसके दोनों सिरों पर बांध कर पैदल चलकर चहलारी घाट से बिसवां पत्थर शिवाला जा रहा है। उसने बताया कि जब सच्ची आस्था हो तो दूरी और वजन का पता ही नहीं चलता है। जय बम बोले,जय भोलेनाथ आदि जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहा था। देर रात तक बिसवां पहुंच कर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेगा। नमन ने बताया कि यह संकल्प उसने अपने मन में लिया था जिसको आज पूरा करेगा।

श्रावण मास के पहले रविवार को हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने चहलारी घाट पर सरयू नदी से भरी कांवड़ ।

पवित्र सावन के महीने के पहले रविवार को हजारों की संख्या में कांवड़िया नारंगी रंग तथा भगवा रंग के परिधानों में पैदल, साइकिल,मोटर साइकिल, ई-रिक्शा, आटोरिक्शा,कार , पिकप और ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर चहलारी घाट जल भरने के लिए जाता दिखे। समाचार लिखे जाने तक काफी संख्या में कांवड़ियों का जहांगीराबाद पहुंचना शुरू हो गया था।यह देर रात में बिसवां पत्थर शिवाला पहुंचेंगे जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। समाज सेवियों और शिवभक्तों द्वारा जगह जगह जलपान व भंडारे के पंडाल लगाए थे। प्रशासन की ओर से हर ग्राम पंचायत में सड़क किनारे कांवड़ियों के आराम करने के लिए भी पंडाल लगाए गए हैं साथ ही स्वास्थ्य कैंप भी लगे? हुए हैं।

# खैहरानी गांव में बीती रात हजारों की चोरी, परिवार बेहाल, गांव में दहशत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। थाना निघासन क्षेत्र के खैहरानी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी और कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत और गुस्से का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खैहरानी निवासी राम लखन पुत्र मुन्ना गुप्ता के घर यह चोरी की वारदात हुई। बताया जा रहा है कि बीती रात पूरा परिवार छत पर सो रहा था। तड़के करीब 4 बजे बारिश होने पर जब सभी नीचे आए, तो देखा कि कमरे का ताला टूटा पड़ा है और घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। राम लखन ने बताया कि चोर घर से करीब ?15,000 की नकदी, एक सोने की माला, झुमकी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही राम लखन ने निघासन थाने में तहरीर दी और चोरों की गिरफ्तारी की मांग की।

पीड़ित परिवार का कहना है कि वे मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं और यह रकम उन्होंने बड़ी मुश्किल से जोड़ी थी। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। घर की महिलाएं और बच्चे सदमे में हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जल जीवन मिशन: लखीमपुर खीरी में करोड़ों के संदिग्ध भुगतान का बड़ा खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जल जीवन मिशन के तहत जिला लखीमपुर खीरी में करोड़ों रुपये के भुगतान में गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं, जो सीधे तौर पर उच्चाधिकारियों की जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। यह खुलासे पूर्व जिला अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), योगेंद्र कुमार नीरज के कार्यकाल के दौरान हुए भुगतानों से संबंधित हैं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्तमान जिला अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), अविनाश गुप्ता इन भुगतानों को ''आवरण अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार'' बता रहे हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर अविनाश गुप्ता की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करती है, जिससे यह आभास होता है कि वे पूर्व अधिकारी के कथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालकर खुद इस गोरखधंधे में लिप्त हो रहे हैं।

संदिग्ध भुगतान के प्रमुख बिंदु...!!!

सॉइल कटिंग में अत्यधिक भुगतानः जल जीवन मिशन के स्पष्ट दिशानिर्देशों के विपरीत, सॉइल कटिंग का भुगतान 'पाइप के व्यास + 600 मिमी' के आधार पर किया गया है। जबकि दिशानिर्देशों के अनुसार यह 'पाइप के व्यास + 300/400 मिमी' होना चाहिए था। यह विसंगति महत्वपूर्ण अतिरिक्त भुगतान को दर्शाती है।

अर्थ फिलिंग में नियमों का उल्लंघनः जल जीवन मिशन के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'अर्थ फिलिंग' का कार्य मनरेगा के तहत किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद, यह भुगतान मुख्य कार्यदायी संस्थाओं, एनसीसी लिमिटेड (गएए ख्रप्द.) और विंध्य-गाजा (ख्ठ) को जारी कर दिया गया है। यह सीधे तौर पर सरकारी योजना के उद्देश्य और वित्तीय नियमों का उल्लंघन है।

फ्लो कंट्रोल वाल्व का दोहरा भुगतानः हाउस सर्विस कनेक्शन में फ्लो कंट्रोल वाल्व का भुगतान पहले से ही शामिल होने के बावजूद, ?349 से ?499 प्रति कनेक्शन का अतिरिक्त भुगतान फ्लो कंट्रोल वाल्व के लिए अलग से किया गया है। यह एक ही मद में दोहरा भुगतान होने की पुष्टि करता है। अस्तित्वहीन सड़कों पर सड़क बहाली का भुगतानः जिन ग्राम पंचायतों में सड़कें मौजूद ही नहीं हैं, उन सड़कों को फर्जी तरीके से दर्शाकर सड़क बहाली का भुगतान जारी किया गया है। यह सीधे तौर पर कोष के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का गंभीर मामला है। ये तथ्य जल जीवन मिशन के तहत धन के आवंटन और उपयोग में पारदर्शिता तथा जवाबदेही की कमी को उजागर करते हैं।

### वर्षा ऋतु के दृष्टिगत गोआश्रय स्थलों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाय : धर्मपाल सिंह

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश श्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमें निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं में संचारी रोगों की रोकथाम, उपचार एवं टीकारण की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। मा.मंत्री जी ने निर्देश दिए वर्षा ऋतु के दृष्टिगत गोआश्रय स्थलों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। पशुओं को पर्याप्त हरा चारा और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाय। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाय तथा बीमार पशुओं को त्वरित रूप से उपचार उपलब्ध कराया जाय। पशुओं में संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाय। पशुओं की इयर टैगिंग का कार्य ससमय कराए जाने के भी निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने कड़े निर्देश दिए कि शुद्ध दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। नकली दूध की आपूर्ति न हो, इसके लिए सम्बंधित विभागों से समन्वय कर व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाय। निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। माननीय मंत्री जी ने रेडियम बेल्ट अभियान को सफलतापूर्वक संचालित कराए जाने के भी निर्देश दिए। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग लेते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाय। ?दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार कार्यों की समीक्षा करते हुए माननीय मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने गोआश्रय स्थलों पर भी नस्ल सुधार एवं सेक्स सार्टेड सीमेन के प्रयोग के विषय में आवश्यक निर्देश दिए साथ ही ब्रीड डेवलपमेंट के विषय में भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के सहयोग से चारागाह भूमियों से अवैध कब्जे को तत्काल हटवाया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करना सरकार की प्राथमिकता है और पशुपालन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इसके लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए पात्रों को लाभान्वित भी किया जाय।

बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, पशुधन विभाग सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता चैंबर्स तथा न्यायिक आवास स्थलों का किया गया निरीक्षण

बिसवां सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । उच्च न्यायालय इलाहाबाद, लखनऊ खंडपीठ के निर्देशानुसार बिसवां दीवानी न्यायालय परिसर में अपर जिला एवम सत्र न्यायालय का मार्ग प्रशस्त होता दिखाई दे रहा है। बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई सचिव सत्य प्रकाश सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष आर एन सिंह पूर्व सचिव दिनेश श्रीवास्तव के सहनेतृत्व व अन्य जागरूक अधिवक्ताओं की उपस्थिति में, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण के मंडल द्वारा अधिवक्ता चैंबर्स तथा न्यायिक आवास स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों द्वारा न्यायालय की शीघ्र स्थापना हेतु जो संकेत दिए गए हैं, वह अधिवक्ताओं के दशकों के सतत संघर्ष, सामूहिक एकजुटता और अधिवक्ता हित में किये गए प्रयासों का प्रतिफल है। अतिरिक्त न्यायालय की स्थापना होने के पश्चात वादकारियों को जिला मुख्यालय की दूरी नहीं तय करनी पड़ेगी। अजमानतीय वाद यहां पर निस्तारित होंगे। उपलब्धि पर अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता ब्यक्त की है ।

### 06 जोड़े पति पत्नी महिला थाने से सुलह समझौते से विदा होकर गये

लखीमपुर- खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रद्धा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में काउंसलरों के सहयोग से 12 परिवारिक विवादों में सुलह का प्रयास करके 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराने का सराहनीय कार्य किया गया है ! बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष महिला थाना श्रद्धा सिंह, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, श्रीमती नीति गुप्ता , कय्यूम ज़रवानी जिला एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा विधि स्वयं सेवक श्रीमती अल्पना वर्मा के द्वारा दहेज उत्पीड़न,घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 06 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 06 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 06 मामले जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने के लिए दोनों पक्षों की सहमति से समय दिया गया है ‑ सुलह से विदाई करने में उप निरीक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य महिला सीता, महिला आरक्षी सारिका चौहान ,महिला आरक्षी बबली पवार का काफी सराहनी सहयोग रहा है ।

## कमरे में मिला 17 वर्षीय किशोरी का शव, दूसरे गांव के युवक पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। पलिया क्षेत्र के पटिहन गांव टी इंद्रा आवास कॉलोनी निवासी किशोरी का शव शनिवार सुबह कमरे में पड़ा मिला। मृतका के पिता ने दूसरे गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसके परिजनों ने दूसरे गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इंद्रा आवास कॉलोनी निवासी संतोष शर्मा की 17 वर्षीय पुत्री आरती का शव शनिवार सुबह घर के कमरे में मिला। मृतका के पिता संतोष ने दूसरे गांव के युवक पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसको भागते हुए दो अन्य लोगों ने भी देखा। आरोपी के खिलाफ तहरीर दी गई है। उधर सुबह घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और आसपास पूछताछ शुरू की।परिजनों ने पूरी जानकारी थाना प्रभारी को दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है। हत्या की नामजद तहरीर मिली है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## बर्थ-डे पार्टी मे तमंचे से फायर करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर में स्थित एक होटल में आयोजित एक बर्थ डे पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में एक युवक हाथ में तमंचे से फायर करता नजर आ रहा है।साथ ही दूरी वीडियो में कई युवकों के हाथों में कथित तौर पर अवैध हथियार भी नजर आ रहे हैं। कोतवाली पूरनपुर होटल से मात्र कुछ दूरी पर स्थित है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है। कुछ दिन पूर्व नगर के एक होटल में आयोजित बर्थ-डे-पार्टी में दो गुट आपस मे भीड़ गये थे।जिसमें दोनों गुट आपस मे एक दूसरे के जान के दुश्मन बन गए थे।गाली गलौज करने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर घर बापस जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये थे। नगर के प्रसाद टाकीज निवासी आयुष पाण्डेय उर्फ राज पाण्डे पुत्र सुभाष चन्द्र पाण्डे ने कोतवाली में दी तहरीर के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कराया था ।29 जून को नगर के एक होटल में बच्चे के बर्थ डे पार्टी में अपने भाई राहुल पाण्डेय मित्र मृणाल गुप्ता के साथ गया था। वहां पर मौजूद नीलेश पांडे ,नितेश पांडे एवं विनेश पांडे ने मेरे साथ गाली गलौज व अभद्रता करने लगे। पार्टी खत्म होने के बाद होटल से नीचे आये तो उक्त तीनों ने हम लोगों को घेरकर मार पीटा तथा मेरे ऊपर तमंचे से फायर कर दिया जो मिस हो गया उक्त सभी लोग वहा फरार हो गये राज पांडे की तहरीर पर कोतवाली में नीलेश पांडे नितेश पांडे व विनेश निवासी लाइनपार साहूकारा के खिलाफ वीएनएस की धाराओं 115(2), 109, 126(2) 352, 351(3) के अन्तर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# मत्स्य पालन से आधी आबादी को भी आत्मनिर्भर बना रही डबल इंजन सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। डबल इंजन सरकार (मोदी-योगी) के नेतृत्व में आधी आबादी मत्स्य पालन करके भी आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने स्वरोजगार कर जीवन में नई रोशनी जलाई है। इसका उदाहरण फिरोजाबाद के ग्राम नगला हिम्मत की पियूशिखा यादव भी हैं, जिन्होंने कोरोना काल (2021/22) में 1.909 हेक्टेयर भूमि में तालाब का निर्माण कराया। इसमें 20.99 लाख रुपये का खर्च आया। सरकार की तरफ से 12.59 लाख रुपये की अनुदान राशि मिली। इससे अपने पैरों पर खड़ी हुई पियूशिखा आज सैकड़ों टन मछली उत्पादन कर प्रतिवर्ष 25 से 30 लाख रुपये कमा रही हैं।

उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की नई रोशनी जलाई है। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं फिरोजाबाद की ग्राम नगला हिम्मत की निवासी पियूशिखा यादव, जिन्होंने कोविड-19 जैसी कठिन परिस्थिति में स्वरोजगार को अवसर के रूप में मानते हुए मत्स्य पालन को अपनाया। मोदी सरकार की योजना और यूपी में योगी सरकार के सफल क्रियान्वयन से वे मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं।

कोविड काल में पारंपरिक आय के साधन बंद हो गए। ऐसे समय में पियूशिखा ने मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन में मत्स्य पालन को अपनाया। इस काम में उनके पति मधुकर यादव ने सहयोग किया और फिरोजाबाद के मत्स्य अधिकारियों से बात कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्हें मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई। पता चला कि अगर आपके पास जमीन है तो सरकार तालाब खुदवाने, बीज देने, तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान देने तक हर स्तर पर मदद करती है। इस तरह सरकार द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के



तहत प्रशिक्षण दिया गया और वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने वर्ष 2020/21 में अपनी 1.909 हेक्टेयर निजी भूमि पर 20.99 लाख रुपये से तालाब का निर्माण कराया, जिसमें उन्हें सरकार से 12.59 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई।

पियूशिखा ने मत्स्य पालन के पारंपरिक तरीकों से हटकर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया। उन्होंने मिश्रित मत्स्य पालन किया। जल गुणवत्ता नियंत्रण एयरटर का उपयोग किया, जिससे मछलियां स्वस्थ और उत्पादन ठीक रहे। उन्होंने समय-समय पर बायोमास सैंपलिंग, प्रोटीनयुक्त कृत्रिम आहार, मल्टीपल स्टॉकिंग और हार्वेस्टिंग की। वह मत्स्य पालन में उन्नत मत्स्य प्रजातियों के बीज का प्रयोग कर रही हैं, जिससे उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है। वह अपने तालाबों में 12 टन मेजर कार्प, 10 टन पंगेसियस, 5 टन सॉल मछली का उत्पादन कर रही हैं। साथ ही वे 20 लाख मत्स्य बीजों की बिक्री करके 25 से 30 लाख रुपये तक की वार्षिक आय प्राप्त कर रही हैं।

सरकार के सहयोग से पियूशिखा मत्स्य पालन में और आगे बढ़ाने के लिए बहुत आशावान और उत्साहित हैं। वह आज अतिरिक्त भूमि पर चार बायोफ्लॉक टैंकों की स्थापना और अन्य जिलों/प्रदेशों में किसानों को बीज आपूर्ति की दिशा में कार्य कर रही हैं। उनका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। वह राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे विभागीय प्रशिक्षण, वित्तीय अनुदान और तकनीकी मार्गदर्शन से अब अन्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनकी योजना है कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं को विपणन व मत्स्य वितरण में और अधिक प्रशिक्षित किया जाए, ताकि अन्य महिलाएं भी इससे जुड़ सकें। पियूशिखा बताती है कि राज्य सरकार वैज्ञानिक नवाचारों को बढ़ावा दे रही है, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मात्स्यिकी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया जा रहा है। पियूशिखा को भी भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है।

पियूशिखा यादव की कहानी उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की प्रभावशीलता और जमीनी स्तर पर सफलता को दर्शाती है। सरकार समाज के सभी वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है। मत्स्य पालन जैसी विभिन्न योजनाओं से जुड़कर भी आत्मनिर्भर और प्रदेश के आर्थिक विकास में सहभागी बन सकते हैं।

## उत्कर्ष के वैज्ञानिक बनने पर व्यापार मंडल ने किया सम्मान

**लालगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के महरानीगंज निवासी उत्कर्ष सिंह राठौर का चयन न्यूक्लियर वैज्ञानिक के पद पर हुआ है। उत्कर्ष की इस उपलब्धि पर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई व शुभकामना दी है। उत्कर्ष सिंह के पिता कुलदीप सिंह पत्रकार ने बताया कि उनके बेटे का चयन न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड में साइंटिस्ट पद पर हुआ है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राहुल भदौरिया के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने उत्कर्ष व उनके परिवार को इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र ही नही वरन देश के लिये गौरव का पल है। हम आशा ही नही विश्वास रखते है कि उत्कर्ष देश सेवा के नये आयाम स्थापित करेंगें। सभी ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए उत्कर्ष को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें प्रदान की। इस मौके पर उपाध्यक्ष सचिन सिंह, डा. सलीम, कृपाशंकर गौतम, ब्रजेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## शादी का झासा देकर दलित लड़की से 15 साल से कर रहा शारीरिक शोषण

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां दलित महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर काफी सजग हैं। वही बात की जाए रायबरेली जनपद में महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे ताजा मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानपुर खेड़ा की रहने वाली दलित लड़की पूजा पुत्री गजोधर उम्र 28 साल को दबंग टुईया, शुभम शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, बौंडे शुक्ला ने बड़ी बेरहमी से लाठी डंडों एवं कुल्हाड़ी से जान से मारने की नीयत से हमला किया जिसमें पूजा के सर पर गंभीर चोट आई बीच बचाव करने आए उसकी मां और भाई को भी मामूली चोटे आई जिसे 108 एमरजेंसी एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा पहुंचाया गया मौके पर तैनात डॉक्टर अश्विनी कुमार प्राथमिक उपचार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तरफ से सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित ने बताया कि मुझे शादी का झांसा देकर लगभग 15 साल से बेसन का पुरवा के रहने वाले बच्चा बाबू उर्फ राहुल सिंह मेरा शारीरिक शोषण कर रहे हैं। राहुल सिंह से मैंने एक बच्चे को जन्म भी दिया जिसकी उम्र 2 साल है। लेकिन अब राहुल किसी और के चक्कर में मुझसे नाता तोड़कर मुझे और बेटे को लगातार जान से मार देने की धमकी देते हैं। आज जो मेरे ऊपर जानलेवा हमला हुआ है यह राहुल सिंह द्वारा कराया गया है।

## दर्जनों की संख्या में टेंपो चालकों ने टेंपो का किया चक्का जाम

**रायबरेली।** शहर में राना नगर टैम्पो स्टैंड पर अवैध वसूली के खिलाफ टेंपो चालकों का फिर से गुस्सा फूट पड़ा है। पिछले दिनों टेंपो चालकों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था और इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की। लेकिन दो-तीन दिन बंद करने के बाद फिर से दोबारा ठेकेदार द्वारा रायबरेली के राणा नगर टेंपो स्टैंड पर अवैध वसूली का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसको लेकर आज फिर से टाइम पूरा रोने राजघाट के पास दर्जनों टैंपू खड़ा कर विरोध जताया। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद, जहां अवैध वसूली पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। लेकिन रायबरेली में यह अवैध वसूली फिर से शुरू हो गया है। टेंपो चालकों का आरोप है कि नगर पालिका की तरफ से टैम्पो 35 रु की रसीद काटी जानी चाहिए, लेकिन अब चालकों से 50 से 80 रु तक की जबरन वसूली की जा रही है। टेंपो चालकों का कहना है कि ये अवैध वसूली उनकी आजीविका पर भारी पड़ रही है। यदि अवैध वसूली की जा रही है तो इसे बंद किया जाए यदि नगर पालिका द्वारा है तो मानक के अनुरुप ही पैसे लिया जाए। हम गरीब चालकों के लिए सड़क पर टेंपो चलाना अब मुश्किल हो गया है। आज गुस्साए चालकों ने दर्जनों की संख्या में राजघाट पे टैम्पो का चक्का जाम कर इस वसूली पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखने वाली बात होगी कि टेंपो स्टैंड के ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली को प्रशासन इन गरीबों को ठेकेदार के चंगुल से कैसे बचाता है यह तो आने वाला समय तय करेगा।

## कांग्रेस संगठन में दिखेगा राहुल फार्मूला, सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगी जगह

रायबरेली। कंाग्रेस पार्टी में संगठन सृजन अभियान चल रहा है। जिसको लेकर विधानसभा ऊंचाहार में रविवार को ऊंचाहार,गौरा और रोहनिया ब्लॉक कार्यालय में अहम बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी जिलाध्यक्ष समेत विभिन्न बड़े पदाधिकारियों ने भाग लिया और संगठन की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।बैठक में स्पष्ट किया गया कि संगठन में उन लोगों को स्थान मिलेगा जो सक्रिय होंगे और जिनकी जमीनी पकड़ होगी। अब ऑफिस या घर में बैठकर संगठन चलाने के दिन चले गए!कांग्रेस के विधान सभा उम्मीदवार रहे प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि आज राहुल गांधी की कांग्रेस है,जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में पूरे देश को अपने कदमों से नाप दिया है,वही जोश और जुनून हर कार्यकर्ता में होना चाहिए।उन्होंने कहा कि बूथ पदाधिकारी से लेकर उच्च पदों पर बैठे लोगों को राहुल गांधी की उम्मीदों पर काम करना होगा!

# मैथिल ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मैथिल ब्राह्मण सभा बदायूं की मासिक बैठक जिला सचिव सोमदत्त शर्मा के आवास मोहल्ला गांधीनगर में ब्रह्मदेव शर्मा मैनेजर साहब की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए डॉ प्रमोद शर्मा के प्रस्ताव पर अनिल शर्मा फौजी व प्रेमपाल शर्मा अध्यापक को जिला संगठन मंत्री तथा सुरेश चंद्र शर्मा दरोगा जी को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। संगठन के जिलाध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगाना चाहिए जिस पर सभी ने सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए संकल्प लिया कि पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए वृक्ष बहुत जरूरी है। हम सब एक वृक्ष अवश्य लगाएंगे। संगठन के मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना की संगठन के संरक्षक ब्रह्म देव शर्मा ने शिक्षा पर बल देते हुए समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने व उनकी मदद करने का आवाहन किया. बैठक बहुत ही अच्छी रही सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारी का जोरदार स्वागत किया. बैठक में नवल किशोर शर्मा जिला अध्यक्ष, डॉ प्रमोद शर्मा कोषाध्यक्ष, ब्रह्मदेव शर्मा संरक्षक, सुरेश चंद्र शर्मा दरोगा संरक्षक, अनिल शर्मा फौजी, विशेष शर्मा जिला उपाध्यक्ष, डॉ राजेश शर्मा, रामवीर शर्मा अध्यापक, राधेश्याम शर्मा अध्यापक, सोमदत्त शर्मा जिला सचिव,अमित झा, प्रेमपाल शर्मा अध्यापक, मनोज शर्मा मीडिया प्रभारी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिले के तेजतर्रार एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार द्वारा थाना सिविल लाईन क्षेत्रान्तर्गत धार्मिक स्थल खाटू श्याम मंदिर में हुई चोरी की सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण कर चोरी की गयी सामग्री समेत एक अभियुक्त कृष्णपाल सिंह पुत्र रामविलास नि0 आलमगंज थाना मिर्ज़ापुर जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि कुछ दिन पूर्व वादी मोहित शर्मा पुत्र राम निवास शर्मा (पुजारी) निवासी गिनौरा वाजिदपुर खाटू श्याम मन्दिर थाना सिविल लाईन बदायूँ द्वारा तहरीर के माध्यम से सूचना दी गयी कि अज्ञात चोर द्वारा खाटू श्याम मन्दिर से तीन मोबाइल फोन और चाँदी की आरती, चाँदी का मुकुट और पुजारी के कुछ रुपये रात करीब दो बजे चुरा लिये गये है। सूचना/तहरीर के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया एवं तत्परता से एसओजी /सर्विलांस टीम की मदद से मुकदमा उपरोक्त के सफल अनावरण हेतु टीम गठित की गयी। दौराने विवेचना रविवार को मुकदमा उपरोक्त में मुखबिर खास द्वारा अलापुर रोड ग्राम पड़ौआ के पास एक व्यक्ति मंदिर से चोरी किये गये माल को बेचने की फिराक मे सवारी के इन्तजार में खड़ा होने की सूचना पर थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से अभियुक्त कृष्णपाल सिंह पुत्र रामविलास नि0 आलमगंज थाना मिर्ज़ापुर जनपद शाहजहांपुर को चोरी की गयी सामग्री व मोबाइल साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी अभियुक्त व माल बरामदगी के आधार पर धाराओं में वृद्धि कर गिरफ्तार शुदा अभियुक्त कृष्णपाल सिंह पुत्र रामविलास उपरोक्त को थाना पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया। वहीं जिले के तेजतर्रार एसएससी बृजेश कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है। बाकी सभी मंदिरों को सुरक्षा को लेकर अलर्ट किया गया है।

## एसएसपी ने पुलिस सहायता केंद्र का किया उद्घाटन

बदायूँ। एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा श्रावण मास एवं काँवड़ यात्रा को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत बाबूजी कल्यान सिंह चौक, थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत अवन्ती बाई चौराहा तथा लालपुल तिराहा पर काँवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। राज मार्ग से होकर गुजरते शिव भक्त कांवड़ियों की सहायतार्थ थाना उझानी, सिविल लाइन्स व कोतवाली क्षेत्र में कांवड़ यात्रा पुलिस सहायता केन्द्र / सेवा शिविर का का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कांवड़ यात्री व गणमान्य लोग मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शिव भक्तों पर श्रद्धा भाव से पुष्प वर्षा करते हुए फल इत्यादि से सेवा की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, पुलिस उपाक्षीक नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, पुलिस उपाधीक्षक उझानी डा0 देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# नवांकुर में गूंजे युवाओं के अल्फ़ाज़, मुरादाबाद में हुआ यादगार कवि सम्मेलन व मुशायरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन द्वारा आयोजित पहला युवा साहित्यिक कार्यक्रम ''नवांकुर'' आज एमआईटी कॉलेज, मुरादाबाद में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए युवा कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्वागत भाषण में आयोजकों ने ''नवांकुर'' की भावना को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह मंच उन युवाओं के लिए समर्पित है, जिनके भीतर साहित्य के प्रति गहराई, भावना और विचारों की चमक है, परंतु उन्हें मंच नहीं मिल पाता।

प्रसिद्ध शायर ज़िया जमीर की ग़ज़लों और शेरों ने श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी और लोकप्रिय गीतकार मयंक शर्मा




ने युवा लेखन को दिशा देने वाली बातें साझा कीं। साथ ही वार्तिक श्रीवास्तव, चेतन विश्नोई, अरविंद गौतम, सकलैन हैदर, साहिल गुल, आदि की रचनाओं ने कार्यक्रम में समा बांध दिया।

श्रोताओं की तालियों और वाह-वाह से सभागार बार-बार गूंजता रहा। कविता, शायरी, गीत और मुक्तक जैसे विविध विधाओं में युवाओं ने अपनी प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें सामाजिक संवेदनाएं, प्रेम, आत्मनिरीक्षण और समकालीन विषयों की झलक दिखाई दी। इस दौरान कार्यक्रम में आकृति सिन्हा ने संचालन किया, अमर सक्सैना ने पूरा मैनेजमेंट देखा, अभिव्यक्ति सिन्हा ने आभार अभिव्यक्ति की, और ऋषभ, अक्षय, सागर, आदि ने टीम के सदस्यों के रूप में बाकी जिम्मेदारियां निभाईं।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी नवांकुर एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। वहीं अतिथियों ने ''नवांकुर'' की इस पहल की सराहना की और कहा कि यह मंच भविष्य में मुरादाबाद को कई नए साहित्यिक नाम देगा। वहीं आज डॉ. विशेष गुप्ता, बाबा संजीव आकांक्षी, धवल दीक्षित, गीतांजलि पांडेय, रमेश आर्य, रवि यदुवंशी, कमल गोला, आलोक, डॉ मनोज रस्तौगी, आदि लोगों ने अतिथियों के रूप में शिरकत की। अल्फ़ाज़ संस्था की ओर से संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने बताया कि ''नवांकुर'' युवाओं का कवि सम्मेलन एवं मुशायरा सफल रहा और इसे आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे युवा लेखकों को प्रेरणा और दिशा मिलती रहे। वहीं श्रोताओं में नेपाल सिंह पाल, स्पर्श गुप्ता, आदित्य भटनागर, अंकित सपरा, सतवीर, मनोज मनु, शुभम कश्यप, ईशान, मानसी, रविता पाल, आदि उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क आंख चेकअप कैंप का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। पाकबड़ा चेयरमैन मोहम्मद याकूब के कार्यालय पर एक निःशुल्क आंखों के चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने मरीजों का चेकअप किया और उन्हें उचित सलाह दी। चेकअप के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कैंप में मरीजों को निःशुल्क चेकअप और दवाइयां प्रदान की गईं। डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल ने मरीजों का चेकअप किया और उन्हें उचित सलाह दी। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कैंप में आने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस तरह के आयोजनों से समुदाय को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है।

# काशी अध्यात्म और संस्कृति की राजधानी : दयालु

एजेंसी

वाराणसी। पावन सावन मास के अवसर पर मारवाड़ी युवा फाउंडेशन अरिंदम परिवार द्वारा भगवान शिव को समर्पित एक भव्य कंावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। काशी की पवित्र भूमि से आरंभ हुई इस यात्रा में 501 गंगाजल से भरे कलशों को भक्तों ने श्रद्धापूर्वक कंधे पर उठाकर गिरजाघर चौराहा से लक्सा, कमच्छा होते हुए बैजनाथ स्थित बाबा बैजनाथ (ज्योतिर्लिंग) मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचाया।

यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बाबा भोलेनाथ की चलायमान प्रतिमा की आरती व पूजन कर किया। उन्होंने भक्तों को कंावड़ प्रदान कर यात्रा के पहले चरण की शुरुआत कराई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''काशी अध्यात्म और संस्कृति की राजधानी है, जो हर सनातन परंपरा को पूरे उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ मनाती है। चाहे



रथयात्रा हो, दुर्गा पूजा हो या गणेशोत्सव ऽ यहां की जनता अपने आचरण और निष्ठा से हर पर्व को जीवन्त करती है। यही कारण है कि काशी को धर्म और संस्कृति की आत्मा माना जाता है।'' डॉ. दयालु ने कहा कि बैजनाथ कंावड़ यात्रा भी उसी सनातन परंपरा की एक सशक्त कड़ी है। उन्होंने कहा कि जो आनंद बैजनाथ धाम में जाकर गंगाजल अर्पण करने से मिलता है, उसी अनुभव को काशीवासी इस यात्रा के माध्यम से जीते हैं। यात्रा मार्ग में भक्तगण बाबा की पालकी को अपने कंधों पर उठाए ''हर हर महादेव'' और ''हर हर बम बम'' के जयघोष के साथ नृत्य करते, भक्ति में लीन होकर बढ़ते चले जा रहे थे। यात्रा में भक्ति, उल्लास और अध्यात्म का त्रिवेणी संगम देखने को मिला। यात्रा में कन्हैया लोहिया ने डॉ. दयालु का स्वागत दुपट्टा व हस्तनिर्मित स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। यात्रा के संयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी प्रमोद राय ने निभाई, वहीं गौरव राठी ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# मंदाकिनी के बाद बुंदेलखण्ड की केन नदी ने खतरे का लाल निशान किया पार

## 40 गांवों में बाढ़ का खतरा, यमुना नदी का जलस्तर 93.60 मीटर पर स्थिर

एजेंसी

बांदा। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की घाटी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ के बाद

रविवार को उससे सटे बांदा जिले में केन नदी उफान पर आ गई है। यहां पर शनिवार रात के दौरान नदी का जलस्तर हर घंटे लगभग 25 सेंटीमीटर बढ़ते हुए खतरे के लाल निशान को पार कर गया। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार सुबह 10 बजे केन नदी का जलस्तर 104.80 मीटर रिकॉर्ड किया गया, जो कि खतरे के निशान 104 मीटर से एक मीटर अधिक है। वहीं यमुना नदी का जलस्तर 93.60 मीटर पर स्थिर बना हुआ है। फिलहाल केन का जलस्तर खतरे के निशान



से अभी बहुत नीचे है।

केन नदी में जलस्तर में निरंतर वृद्धि से पैलानी और सदर तहसील के लगभग 40 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। इनमें से करीब 24 गांवों के आसपास पानी पहुंच गया है। कई संपर्क मार्गों पर बने रपटों के ऊपर से पानी बहने के कारण गांवों का अन्य क्षेत्रों से संपर्क पूरी तरह कट गया है। केन नदी की उत्पत्ति मध्य प्रदेश के कटनी जिले के पहाड़ी इलाकों से होती है, जो पन्ना जिले के गंगऊ और बरियारपुर बियर होते हुए बांदा जिले में प्रवेश करती है। इस समय गंगऊ और बरियारपुर बियर से करीब छह फीट ऊंचाई से जलधारा गिर रही है, जिससे प्रतिदिन लगभग 90,000 क्यूसेक पानी केन नदी में छोड़ा जा रहा है। वहीं जिले में करीब 20 घंटे रुक रुक कर हुई बारिश 100 मिमी. रिकॉर्ड की गई। पैलानी क्षेत्र के खपटिहा कलां, सिंधन कलां सहित लगभग 12 गांवों के संपर्क मार्ग जलमग्न हो चुके हैं। स्थानीय लोग नावों के जरिए या तैरकर अपने जरूरी कार्यों के लिए आवागमन कर रहे हैं। खपटिहा स्थित इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें नावों से विद्यालय जाना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और बाढ़ नियंत्रण चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। राजस्व विभाग के कर्मियों और ग्राम प्रधानों को राहत कार्यों और यातायात नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रशासन बाढ़ की आशंका को लेकर पूरी तरह सतर्क है। नदी किनारे बसे गांवों के निवासियों को अलर्ट कर दिया गया है। सिंधन कलां, पडोहरा और अमारा गांवों के रपटों पर पानी भर जाने से वहां नावों की व्यवस्था की गई हैं। फिलहाल किसी गांव की बस्ती में पानी नहीं घुसा है, लेकिन हालात पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# सीरत क्विज़ और समर कैंप के विजेताओं को नानपारा में किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। लखीमपुर रोड स्थित मन्नत मैरिज लॉन में स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया (एस.आई.ओ.) नानपारा एवं गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन (जी.आई.ओ.) नानपारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सीरत क्विज़ प्रतियोगिता तथा इस्लामिक समर कैंप (बालक एवं बालिका वर्ग) के प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जमाअत ए इस्लामी हिंद नानपारा यूनिट के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जमाअत ए इस्लामी हिंद उत्तर प्रदेश के सचिव मुहम्मद अकरम, महिला विभाग की सचिव श्रीमती ज़ैनबुल ग़ज़ाली एवं एस.आई.ओ. उत्तर प्रदेश पश्चिम के अध्यक्ष सैफ़ कमर नोमानी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में इस्लामी शिक्षाओं, नैतिक मूल्यों और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ज़ोर देते हुए इस प्रकार के आयोजनों को समय की ज़रूरत बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नैतिक और आध्यात्मिक विकास बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाता है। कार्यक्रम का संचालन सईद अहमद ने कुशलतापूर्वक किया। समारोह में लगभग 300 छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन को प्रेरणादायक और सार्थक बना दिया। विजयी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार स्वरूप साइकिल, नगद राशि एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। बालक वर्ग के समर इस्लामिक कैंप में माबूद अली ने प्रथम, अब्दुल अहद ने द्वितीय तथा मोहम्मद अल हस्सान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में अंजलना को प्रथम, सानिया बेगम को द्वितीय और कंज़ा जाफरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीरत क्विज़ प्रतियोगिता में आयशा फातिमा प्रथम, रिफाबी द्वितीय और मोइनुद्दीन शेख़ तृतीय स्थान पर रहे। पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को साइकिल एवं मोमेंटो, द्वितीय स्थान को रू0 2000 नगद व मोमेंटो, तथा तृतीय स्थान को रु0 1000 नगद व मोमेंटो प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिभागियों को रु0 500 नगद और मोमेंटो, तथा 25 प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मोहम्मद अज़ीज़, अनीस अहमद, फ़ख़रुद्दीन, आबिद अली, नसीरुद्दीन, मोईन अहमद, यासिर अरफात, सलमान, शम्सी, साहिल, फरीद, मुसद्दिक, राशिद यार, यूनिट अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, सचिव मुक्तदिर, तथा इक़बाल, रक़ीब, हारिस, लारैब, नवाज़, आज़ाद, सिस्टर नग़मा और सिस्टर शीज़ा सहित अनेक सहयोगियों का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार किया तथा अभिभावकों को यह संदेश दिया कि धार्मिक और नैतिक शिक्षा बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। आयोजकों ने इस परंपरा को हर वर्ष और भी व्यापक स्तर पर आयोजित करने की घोषणा की।

# मेडिकल स्टोर्स पर नियमों की अनदेखी, बिना फार्मासिस्ट के चल रहीं दुकानें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में मेडिकल स्टोर संचालन में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है।कई दुकानों का लाइसेंस तो बना है,लेकिन दुकानें कहीं और सं चालित हो रही हैं,या फिर बंद पड़ी हैं।लगभग दस फीसदी लाइसेंस ऐसे हैं जिनकी दुका नें असल में मौजूद ही नहीं हैं।मौजूदा हालात यह हैं कि जहां लाइसेंस में चौहद्दी दर्ज है,वहां दुका नें नहीं चल रहीं।कई जगह मेडिकल स्टोर इला ज केंद्रों में बदल गए हैं,जहां अनुभवहीन केमि स्ट इलाज कर रहे हैं और मोटी फीस वसूल रहे हैं।नियम के अनुसार,दुकान के स्थान परिवर्तन की जानकारी विभाग को देना अनिवार्य है। लेकिन किन ऐसा नहीं किया जा रहा।सूत्रों के अनुसार जिले में दर्जनों से ज्यादा मेडिकल स्टो र नए स्थानों पर बिना आधिकारिक सूचना के संचालित हो रहे हैं।सूत्र बता रहे है कि दवा वि क्रेता संगठनों के कुछ नेता भी इसी गड़बड़ी में शामिल हैं,जिनकी दुकानें दूसरी जगह शिफ्ट हो चुकी हैं, लेकिन विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी गई।इन नेताओं ने संगठन में सक्रियता के जरिए अपनी खामियों को छिपा रखा है।

नौसिखियों के भरोसे मेडिकल स्टोर

जिले के अधिकांश मेडिकल स्टोर नौसिखियों के भरोसे चल रहे हैं।दुकानों पर टंगे लाइसेंस किसी और के नाम पर हैं, जबकि बिक्री कोई और कर रहा है।किराए पर फार्मासिस्ट मिलने से बिना प्रशिक्षण वाले लोग भी दवाओं की बिक्री कर रहे हैं,जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।कई बार औषधि निरी क्षक जांच के लिए आते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर लौट जाते हैं।जिले में करीब हजारों से अधिक लाइसेंसी मेडिकल स्टो र संचालित हैं, जिनमें से 60 फीसदी से ज्यादा केवल चालान जमा कर फार्मासिस्ट के बिना ही चल रहे हैं।फार्मासिस्ट की डिग्री किराए पर ले कर दुकानों का संचालन हो रहा है।ग्राहक को पक्का बिल नहीं दिया जाता और दवा के लि फाफ़े पर ही कीमत लिख दी जाती है।सूत्र बता

रहे मेडिकल स्टोर संचालक बिना डॉक्टर की पर्ची के प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे हैं और बदले में मनमानी कीमत वसूल कर रहे हैं।मजबूरी में मरीजों को इन दुकानों से दवा खरीदनी पड़ती है।

# मुलायम ने कारसेवकों पर किए अत्याचार: मंत्री पंकज चौधरी.

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को गोंडा का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता कुंवर आनंद सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।पंकज चौधरी ने दिवं गत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की।मीडिया से बातचीत के दौरान पंकज चौधरी ने प्रत्यक्ष वि देशी निवेश को लेकर विपक्ष के आरोपों पर जवाब दिया।उन्होंने कहा कि एफडीआई के माध्यम से देश में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे।विपक्ष इस विषय पर जनता को भ्रमित कर रहा है,जबकि सच्चाई यह है कि विदेशी निवेश से अर्थव्य व स्था को मजबूती मिल रही है।राहुल गांधी के 'लाल किताब' प्रकरण पर चौ धरी ने कहा कि वह संसद से पारित कानून को फाड़कर संवि धान का उल्लंघन कर रहे हैं।उ न्होंने कहा कि बिहार में इस 'लाल किताब' को दिखाकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है।यूपी में कानून-व्यव स्था की तारीफ करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि आज राज्य में कानून का राज है और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। कांवड़ यात्रा पर अखिलेश यादव के बयान को लेकर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने कारसेवकों पर अत्याचार किए थे।ऐसे में हिंदू समाज की धार्मिक यात्रा को सुविधाएं देना कोई अपराध नहीं है।आउटसोर्सिंग से जुड़े सवाल पर मंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता है, वहां इसे लागू किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे लेकर अनावश्यक नेगेटिव माहौल बना रहा है और देश के युवाओं को गुमराह कर रहा है, जबकि यह एक प्रशासनिक आवश्यकता है।

# रंग लायी महिला थाने की कोशिश,परिवार परामर्श केन्द्र ने मिलाए पांच टूटते हुए परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। परिवार परामर्श केंद्र में इस सप्ताह 68 फाइल प्राप्त हुई।कुल 46 फाइलों पर सुनवाई हुई।पांच फाइलों को बंद किया गया जबकि पांच में समझौता कराया गया।इसके लिए दोनों पक्षों के सदस्यों को केंद्र पर बुलाया गया एवं पारिवारिक महत्व के बारे में समझाया गया। परिणामस्वरूप पति पत्नी आपसी मनमुटाव भुलाकर साथ रहने को तैयार हो गए और अप ने घर चले गए।मिशन शक्ति नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के तहत रविवार को महिला थाना परिसर में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया।परिवार परामर्श केंद्र में समझाने पर एक दूसरे से काफी दिनों से अलग रह रहे पांच जोड़े एक साथ रहने को राजी हो गए।महिला थाना से उन्हे राजी खुशी के साथ परिवार के साथ रवाना किया गया।महिला थाना प्रभारी अनीता ने बताया कि प्रत्येक रविवार को महिला थाना में परिवार परा मर्श केंद्र का आयोजन होता है।इसी क्रम में रविवार को काउंसिलिंग के लिए लंबे समय से एक दूसरे से दूर रह रहे वैवाहिक जोड़ों को उनके परिवारवालों के साथ बुलाया गया।पांच मामलों में पांच वैवाहिक जोड़े की समस्याओं को सुलझाया गया।इसके बाद सभी पांच जोड़ो को एक साथ फिर से रहने को राजी हो गए।

वहीं अन्य मामलों में काउंसिलिंग के लिए आगे की तिथि निर्धारित की गई।इस मौके पर महि ला थाना प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव,गंगा धर शुक्ल,शशि भारती,राज मंगल मौर्य,अनिता श्रीवास्तव,संतोष ओझा,यशोदा नन्दन त्रिपाठी, महिला आरक्षी ज्योति राजभर,नेहा सिंह आदि उपस्थित रही।

## कैबिनेट मंत्री के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर रुद्राभिषेक का किया गया आयोजन



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के पांडवकालीन श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर में वैश्य समाज के संभ्रांतजनों द्वारा रुद्राभिषेक व प्रसाद वितरण कर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता व वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता रहे। इस दौरान नगर अध्यक्ष साहिल गुप्ता, कालिका प्रसाद मद्धेशिया, आयुष जायसवाल संजय जायसवाल, विनय प्रकाश गुप्ता, डी के गुप्ता, विनय मित्तल,अजय गुप्ता, शिवराम यज्ञसैनी, रोशन लाल गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, देवीप्रसाद, जयशंकर गुप्ता , बराती गुप्ता दिनेश चौहान,साहिल गुप्ता, नीरज गुप्ता, विकास गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का साक्षात्कार 15 जुलाई से 19 जुलाई तक

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम स म्मान योजना में आठ ट्रेड बढ़ई,नाई,धोबी,दर्जी लोहार,राजमिस्त्री,कुम्हार,हलवाई क़ेलिए एक दस दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूल किट योजना के अंतर्गत ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों पर आवे दकों के चयन के लिए बैठक कर साक्षात्कार

15 जुलाई को वर्णमाला ए से जे तक व 16 जुलाई को क़ेसे एम तक और 17 जुलाई को एन से पी तक 18 जुलाई को क्यू से आर तक और 19 जुलाई को एस से जेड तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उ द्यमिता विकास केंद्र पर सुबह दस बजे टास्क फोर्स कमेटी सा क्षात्कार के द्वारा अभ्यर्थियों का चयन करेगी।उपायुक्त उद्योग बाबूराम याद व ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का ऑनलाइन आवेदन किया है वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहि त उक्त तिथि,समय एवं स्थान पर उपस्थित हो कर साक्षात्कार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## राजकीय आईटीआई में आज आयोजित होगा वृहद रोज़गार मेला

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व युवा कौशल दिवस की पूर्व संध्या पर कौशल प्रशिक्षित, आईटीआई उर्तीण तथा रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत/गैर पंजीकृत युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कौशल विकास, राजकीय आईटीआई तथा जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर, निकट चौपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 20 से अधिक प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए सह नोडल अधिकारी/जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में वेलस्पन, सिंटेक्स, सैमसंग इंडिया, डिक्सन, जीवन बीमा निगम, पी.एम. एंटरप्राइजेज, चैतन्य इंडिया, क्वैसकॉर्प, यंग इण्डिया, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एव आयुर्वेदिक प्रा.लि. सहित अन्य प्रतिभागी कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अर्ह एवं योग्य युवक-युवतियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड की मूल प्रति एवं एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 14 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। श्री कुमार ने जिले के युवक-युवतियों का आहवान किया है अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर आयोजन का भरपूर लाभ उठायें।

## सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ बीडीओ जरवल का सथानान्तरण: सीडीओ

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से इस प्रकार की भ्रामक खबर प्रचारित की जा रही कि सोशल मीडिया पत्रकार श्री अशोक मिश्रा अन्ना के विरूद्ध खण्ड विकास अधिकारी जरवल द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराये जाने पर उनके विरूद्ध उच्चाधिकारियों से शिकायत किये जाने पर उनका स्थानान्तरण विकास खण्ड जरवल (बहराइच) से आयुक्त ग्राम्य विकास उ.प्र. द्वारा लखनऊ कर दिया गया है।

# चोरी की योजना बनाते चार शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल क़े द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधी क्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व सी ओ कर्नलगंज विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस टीम क़े द्वारा चोरी की योजना बनाते हुये चार शातिर चोरो को गिर फ्तार किया है।शनिवार कि रात्रि में उप निरीक्ष क अमन कन्नौजिया फोर्स क़े साथ रात्रिगस्त, तलाश वारण्टी आदि में भ्रमणशील थे कि मुख बिर कि ख़ास से सूचना प्राप्त हुई कि सरदार पुरवा मोड़ मौजा डेहसरा कर्बला के पास स्थित खाली मकान में कुछ लोग चोरी की योजना ब ना रहे है।उक्त सूचना पर उप निरीक्षक अमन कन्नौजिया फोर्स क़ेसाथ मौके पर पहुचकर चोरी की योजना बना रहे चार लोग शनि,रितिक सिंह उर्फ बिल्लू,मलखान व रिजवान को गिर फ्तार कर लिया है तथा जमातलाशी व निशान देही पर विभिन्न मुकदमों में चोरी किये गये 45, हजार सौ रूपये नगद,बीस केन बीयर,पैतालिस पैकेट देशी शराब तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त होने वाले उपकरण एक लोहे का राड,एक लोहे का सब्बल आदि बरामद किया गया है।बरामद गी व गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना परसपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।वही पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि ये लोग थाना परसपुर के मोहना में दारू की दुकान में चोरी करने की योजना बना रहे थे कि पुलिस द्वारा चोरी योजना बनाते समय पकड़ लिया गया,पूछताछ में इन्होंने जिले में कई घटनाओं को क़बूल किया,बताया कि करीब एक माह पूर्व भटपुरवा में सतनामी बाबा आश्रम के दानपत्र का ताला तोड़ कर रूपये चोरी किये थे।वही 17 जून को थाना कौडिया क्षेत्र आर्यनगर देशी शराब की दुकान के पीछे से नकब लगाकर दुकान में रखा नगदी चोरी किये थे।वही आठ जुलाई को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र पथरी रामनगर मोड़ के पास स्थित किराने की दुकान से घरेलू समान व नगदी रूपये चोरी किये थे तथा उसी रात सरकारी कम्पोजिट शरा ब की दुकान ग्राम जमुनियाबाग विशुनागा में बी यर व नगदी चोरी किये थे।इन लोगो का एक सं गठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया करते हैं।पुलिस ने सभी पर कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया।

## 02 नफर अभियुक्तों को चोरी के जेवरात सहित गिरफ्तार किया गया

खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा के नेतृत्व में थाना धौरहरा पुलिस द्वारा ग्राम महादेव, ग्राम माधवपुरवा तथा ग्राम टापरपुरवा में हुयी नकबजनी का खुलासा व चोरी गये जेवरात सहित 02 नफर अभियुक्तों 1.पप्पू पुत्र सरवन निवासी ग्राम नयापुरवा मजरा हरदी थाना धौरहरा जनपद खीरी 2.संतोष यादव उर्फ पिस्सू पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद निवासी ग्राम डिहुआकला थाना धौरहरा जनपद खीरी को 03 अदद मोती माला जिसमें लाकेट, 01 जोडी कुंडल,01 अदद अंगूठी, 03 जोडी पायल, 03 जोडी बिछिया बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया।

# धर्मातरण के धंधेबाज छागुर क़े मामले में पूर्व सांसद ने सुरक्षा एजेंसियों पर उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । क़ेद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता पूर्व सांसद राजा आनंद सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पूर्व सांसद राम विलास वेदांती ने रविवार को धर्मातरण के धंधेबाज छागुर मामले में खुलकर अपनी बात कही।उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव कांवड़ यात्रा रोकने में लगे हैं।हिंदू धर्म संस्कृति को बद नाम करने की साजिश रची जा रही है।इस्लामि क आतंकवाद का प्रधानमंत्री मोदी को पता नहीं था अब प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दोनों जान चुके हैं।पूर्व सांसद ने कहा कि छांगुर जैसे हजारों लोग इस देश में मिलेंगे।आईएसआई ने इन जैसे एजेंटों को पाल रखा है।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस भी इन्हें पाल रही थी।इन जैसे लोगों की जगह जेल नहीं सी धे फांसी दी जाए।पूर्व सांसद रामविलास वेदां ती ने खुफिया एजेंसियों पर तंज कसते हुए कहा कि सारी एजेंसियां सिर्फ एसी कमरों में बैठकर काम कर रही है।सभी एजेंसियों की भूमिका की जांच की जानी चाहिए।जिससे कि लापरवाही खुलकर सामने आए।

# कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी कि अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विन्दुओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें श्रावण मास अन्तर्गत कावड़ यात्रा, मुख्य पर्व श्रावण शिवरात्रि, प्रत्येक सोमवार, श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर मन्दिरों, घाटों तथा कावड़ मार्गों की आवश्यक साफ-सफाई, मार्गों की आवश्यक मरम्मत तथा प्रकाश व्यवस्था के माकूल बन्दोबस्त करने के निर्देश दिये गये। उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेडिंग तथा गहरे पानी में संकेतांक लगवा दें ताकि अप्रिय घटना न होने पाये। श्रावण मास के दृष्टिगत घाटों, मंदिरों, कांवड़ मार्गो पर आवश्यक प्रबंध की समीक्षा के दौरान निरीक्षण आख्या न उपलब्ध कराने वाले अधिकारियों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी विभाग यदि मेरे स्तर से अपने विभागीय योजनाओं के सत्यापन के लिए आदेश कराता है और निर्धारित समय में सत्यापन आख्या प्राप्त नहीं होती है तो संबंधित विभाग द्वारा सत्यापनकर्ता अधिकारी का वेतन बाधित करने से सम्बन्धित पत्रावली मेरे समक्ष प्रस्तुत की जाये। आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा में पाया गया कि बाल विकास पुष्टाहर, पिछड़ा वर्ग कल्याण, परिवहन, जल निगम व माध्यमिक शिक्षा विभाग का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम है और असंतुष्टि भी अधिक है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।

# नारी शक्ति की विशाल बनी शिक्षिका उरूज़ शम्सी घर में ही विभिन्न तरीके के अचार बनाकर करती हैं व्यापार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पूरे भारत में महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत होकर उभर रही है। वे बेरोजगारी का दंश नहीं झेल रही है। बल्कि रोजगार सृजन और उद्यमिता के क्षेत्र में नेतृत्व कर रही है। आज देश की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है यहां तक की रोजगार में भी महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।ऐसी ही एक कहानी जनपद पीलीभीत की महिला शिक्षिका उरूज़ शम्सी की है। उन्होंने व्यापार करके दिखा दिया है। कि महिलाएं भी किसी से कम नहीं है। जनपद पीलीभीत की रहने वाली शिक्षिका उरूज़ शम्सी शिक्षण कार्य करते हुए भी चटखट अचार का व्यवसाय का सारा कार्य खुद ही संभालती हैं। चटखट अचार में प्रयोग होने वाले सभी मसाले सहित अन्य खाद्य सामग्री स्वयं एकत्र करके उसको नया रूप देती हैं।उरूज़ शम्सी इस व्यवसाय से पिछले लंबे समय से जुड़ी हुई है। चटखट अचार विभिन्न प्रकार की वैरायटिओ में उपलब्ध है।जिसमें मुख्य रूप से आम,लाल मिर्च,हरि मिर्च,नींबू,लसोड़ा,कमरख, लहसुन,आंवला ,पपाया चटनी सहित अन्य विभिन्न तरीकों के चटखट अचार बनाने का हुनर रखती है।कोरोना काल के दौरान जब लॉकडाउन लगा था। तो देश के सभी व्यवसाय बंद हो गए थे। लॉकडाउन लगने से सभी परेशान हो गए।लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। सड़कों पर भटकती मजदूरो की भीड़ आज भी उनकी तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती है।जो एक भयंकर तबाही का मंजर बया करती हैं। कोरोना काल के दौरान सभी उद्योग धंधे बंद हो गए थे। लाखों करोड़ों लोग बेरोजगार हो चुके थे। ऐसे में शिक्षिका उरूज़ शम्सी ने अपने दम पर इस व्यापार को चुना और तरह-तरह के अचार बनाने का व्यवसाय शुरू कर दिया था। जिसको निरंतर आज भी जारी रखा है। उनके इस व्यवसाय में उनका पुत्र खतीब शम्सी भी अब हाथ बटाने लगे है। जो समस्त ऑनलाइन ऑर्डर की देखरेख करते हैं। ऑनलाइन ऑर्डर की जिम्मेदारी उनके पुत्र की ही है। जो अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाने का कार्य करते है।उरूज़ शम्सी पेशे से एक शिक्षिका है। जो शिक्षण कार्य में भी अपना योगदान देते हुए व्यापार को सुचारू रूप से संचालित करने का भी कार्य कर रही है।



**नारी शक्ति की अद्भुत मिसाल सामाजिक,शैक्षिक,आर्थिक रूप से सशक्त महिला का नाम है। उरूज़ शम्सी**

# बहुजन समाज पार्टी ने रजा को कोषाध्यक्ष महेंद्र को विधानसभा अध्यक्ष किया नियुक्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य की अध्यक्षता में एक मीटिंग संपन्न हुई।जिसमें सर्व समिति से बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में महेंद्र पाल गंगवार को नियुक्त किया गया साथ ही बरखेड़ा निवासी रजा अंसारी को बहुजन समाज पार्टी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।रजा अंसारी काफी लंबे समय से बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए हैं। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्य ने संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए लगातार पूरे जनपद में बसपा का जनाधार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ता जल्द से जल्द बूथ कमेटी का गठन करके पार्टी को मजबूत करने के निर्देश दे दिए हैं। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, निरंजन गौतम, भगवान सिंह गौतम, गंगाराम सागर, मोहम्मद सादिक ,जितेंद्र कुमार, आजाद, रामपाल शर्मा, अब्दुल रहीम, सुमेरमल सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

## पकड़िया नाथ महादेव मंदिर समिति द्वारा भंडारे का आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर के मोहल्ला तखान स्थित पकड़िया नाथ महादेव मंदिर की कार्यक्रम समिति के द्वारा रविवार को भक्तिभाव और सामाजिक समर्पण से ओतप्रोत एक भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा मोहल्ले के स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। लोगों ने आयोजकों को श्रावण मास के इस पुण्य कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग और धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है।भंडारे का आयोजन पुराने डाकघर के पास, कोतवाली रोड पर शिवभक्तों की सेवा और उनकी श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान ''हर हर महादेव'' के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, हलवा, रायता, तहरी प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। भंडारे की व्यवस्था और संचालन में अनेक युवा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने पूरे आयोजन को अनुशासित, सौहार्दपूर्ण और सफल बनाया। आयोजकों ने कहा कि इस मास में भंडारा आयोजित कर अधिक से अधिक पुण्य की प्राप्ति की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे आयोजन और अधिक भव्यता के साथ किए जाएंगे, ताकि समाज में सेवा और धर्म की भावना को और प्रगाढ़ किया जा सके। इस दौरान अक्षित गंगवार, आयुष सक्सेना, आकर्ष मिश्रा, अथर्व सक्सेना, उत्कर्ष मिश्रा, हर्षित गंगवार, संतोष भारती, प्रांजल सक्सेना, दक्ष सरीन, अभय कश्यप, काव्यांश सक्सेना, राज मिश्रा, मंथन सक्सेना, यश सक्सेना, गुरप्रीत, सुशांत छाबड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने रोटरी क्लब पीलीभीत द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों के साथ गांधी स्टेडियम में किया पौधारोपण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने रोटरी क्लब पीलीभीत के सदस्यों द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों के साथ गांधी स्टेडियम में पौधारोपण किया गया। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने एवं क्लब सदस्यों द्वारा पौधों का रोपण करते हुये जनपद वासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर छोटी छोटी बातों को ध्यान में रखकर अच्छा वातावरण तैयार करने में सहयोग कर सकते है। उन्होंने कहा कि खाली जगह पर पौधारोपण करें।जिससे आने वाली पीढियों को अच्छा वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि वृक्षों से हमें आक्सीजन प्राप्त होती है।जो हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। अतः सभी का दायित्व है कि हम सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और अपने जनपद को हरा भरा बनाये रखने में पूर्ण सहयोग करें।

## प्रधानाचार्य परिषद की बैठक हुई संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की जिला स्तरीय बैठक रविवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक रामाकांत शर्मा ने की। इसमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।बैठक में सर्वप्रथम विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाया गया। सदस्यों ने बताया कि संविदा कार्मिकों की कमी, नेटवर्क की अनुपलब्धता और छात्रों द्वारा कक्षा में आने से पूर्व ही उपस्थिति दर्ज कर लेने की प्रवृत्ति के कारण शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। इस स्थिति को रोकने की आवश्यकता जताई गई।इसके साथ ही परिषद ने जून माह का वेतन अब तक न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। परिषद ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि वेतन बिल प्रत्येक माह की 25 तारीख तक जारी किए जाएं ताकि नियत तिथि पर वेतन दिया जा सके।बैठक में एक अन्य मुद्दा फॉर्म-16 की समय पर उपलब्धता को लेकर रहा। परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से यह दस्तावेज शीघ्र जारी करने की मांग की। साथ ही, गत वर्ष की जिला क्रीड़ा रैली का अवशेष भुगतान तत्कालीन जिला संयोजक प्रधानाचार्य अख़लाक़ हसन ख़ान को प्रदान किए जाने की भी सिफारिश की गई।बैठक के दौरान जनपद को एक और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मिलने के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य परिषद द्वारा साबिर हसन ख़ान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।अंत में परिषद ने सभी उठाए गए बिंदुओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई और यह मांग की कि संबंधित अधिकारी आवश्यक कार्यवाही कर परिषद को सूचित करें।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्य राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, योगेश कुमार, नरेंद्र सिंह, रोहिताश गंगवार, रामाकांत शर्मा, सतीश चंद, मोहम्मद फिरोज, सुरेन्द्र गंगवार, जावेद अहमद, सुमन देवी, रवींद्र राठौर, राजवीर सिंह, प्रतिभा चौहान, उपासना शर्मा एवं अजय चौहान सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पीर बाजार के पास लगा ट्रांसफार्मर धू धू कर जल हुआ मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अधिशासी अभियंता के बदलाव के साथ ही व्यवस्थाएं भी वे पटरी हो गई है। कम छमता बाले ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड पड़ने से फॉल्ट व ट्रांसफार्मर जलने की समस्याएं बनी रहती हैं। दो माह का बिल जमा न होने पर विधुत विभाग के जेई ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सूचना के ही केबिल काट देते हैं और समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है। मोहल्ला इंदिरा नगर पीर बाजार के पास में 100 केवी का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। जिसमें शनिवार की रात लगभग 10:30 पर अचानक आग लग गई यह देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## पर्यावरण को लेकर किया गया जागरूकता अभियान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा सुल्तानपुर जनपद स्थिति करौंदिया शंकरपुरम में पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता होम्योपैथिक चिकित्सा डॉक्टर अनूप मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण प्रकृति का ही हिस्सा है। मानव जीवन प्रकृति के साथ अनुकूलता में ही संभव है। हम प्रकृति के पोषण, संरक्षण तथा आर्वतनशील पद्धति से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करें तो सदियों तक प्रकृति हमें पोषित करती रहेगी। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत रहना चाहिए। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं है।ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। इस मौके पर सूबेदार राजेश कुमार पांडेय ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के तरफ से शिवांगी पांडेय को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अनुराग पांडेय, संतोष पांडेय,वरुण तिवारी ,संतोष सिंह, रुद्रांश पाण्डेय, कृष्णा पांडेय, पलक पाण्डेय दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने जरा बुजुर्ग में आयोजित की पीडीए पंचायत उपस्थित रहे सैकड़ो कार्यकर्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के ग्राम जरा बुजुर्ग में आयोजित पीडीए पंचायत कार्यक्रम में कई सपा नेता सम्मिलित हुए।इस मौके पर जरा बुजुर्ग मे आयोजित पीडीए पंचायत की अध्यक्षता करते सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''आज जिस पीडीए पंचायत की बात या चर्चा का आवहन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया और हम लोग उसे लेकर प्रदेश भर मे गाँव- गाँव तक को पहुँचाने का काम कर रहे है। लेकिन सवाल यह भी है कि आज इस पीडीए पंचायत की जरुरत क्या है तो मैं बताना चाहता हूँ आज जो सरकारे केंद्र और राज्यों मे है। वह आपको और हमें धर्म और जातियों के नाम पर लड़ाना और बांटने का काम कर रही है । आज समाज के अंदर जो सुविधाएं हमें और आपको मिलनी थी जो किसी वजह से नहीं मिल पाई तो वह बाबा साहब द्वारा बनाये गए संविधान की ताकत को दर्शाने के लिए आज हम इस पीडीए पंचायत का आयोजन कर रहे है।मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरशद खा ने कहा कि आज रोज़गार के लिए युवा दर-दर भटक रहा है। सरकारी संस्थाओ को निजी हाथो मे देकर वह आपका आरक्षण को खत्म करने का काम कर रहे है राज्य की भाजपा सरकार ने जो बजट किया है, वह आम जनता को राहत देने के बजाय उनकी मुसीबत को ही बढ़ाने वाला था । इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है जो चर्चा के लायक हो।विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि किसानो,नौजवानों,महिलाएँ,छात्र एवं युवा हर वर्ग दुखी है वही आवारा पशुओ से परेशान है। नौजवान व छात्र बेरोजगारी से परेशान है। वही आये दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसे घटनाए बढ़ती जा रही है देश और प्रदेश में अराजकता का मौहाल है।सपा नेता कल्याण सिंह सरोज एव ओम शर्मा ने कहा कि आज हम सब मिलकर यह संकल्प लेते है कि आने वाले 2027 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में एक होकर मजबूती के साथ भारतीय जानता पार्टी को सत्ता से हटा कर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर विकास पुरूष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगे।कार्यक्रम को महिला सभा की विधानसभा अध्यक्ष मीता सिंह सहित कई स्थानीय नेताओं ने भी सम्बोधित किया है।कार्यक्रम का संचालन विधान सभा क्षेत्र उपाध्यक्ष सतीश वर्मा ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से राजेश कुशवाहा,शिवम यादव,छ्वीनाथ वर्मा, आशीष कुशवाहा, राजेश कुशवह,रमेश पासवान, आशीष कुशवाहा, राजू वर्मा, मुकेश शर्मा,राजेंद्र मौर्या आदि बड़ी संख्या मे सपाई उपस्थित रहे है।




## सेमरी बाईपास पर दो माह से बंद हाईमास्ट लाइट

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के टांडा-बांदा नेशनल हाईवे स्थित सेमरी बाईपास पर लगी हाईमास्ट लाइट पिछले दो माह से बंद पड़ी है। इससे रात के समय पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है। यह स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। करीब चार साल पहले यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां हाईमास्ट लाइट लगाई गई थी। यह सेमरी बाजार, हलियापुर, बेलवाई और आसपास के कई गांवों के लिए वरदान साबित हुई थी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग और प्रशासन को कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बाईपास से महमूदपुर, सलाहपुर, हरिहरपुर, गुड़बड़, नंगईपुर के लोग रोजाना आवागमन करते हैं। बिना हेडलाइट की तेज रफ्तार गाड़ियां पैदल चलने वालों और महिलाओं के लिए खतरा बन रही हैं। अंधेरे के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं।नेशनल हाईवे के असिस्टेंट इंजीनियर अंकित मिश्रा के अनुसार, हाईमास्ट लाइट का केबल जल गया है। उन्होंने कहा कि विभाग को खराबी की जानकारी दे दी गई है। जल्द ही मरम्मत कर लाइट चालू कर दी जाएगी।

# नेता नोमान अली वारसी ने प्राथमिक स्कूलों के विलय के विरोध में राज्यपाल को लिखा पत्र कही आंदोलन की बात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ छात्र नेता नोमान अली वारसी ने उत्तर प्रदेश राज्यपाल को प्राथमिक स्कूलों के विलय के विरोध में पत्र लिखा है।जिसमे उन्होने राजयपाल को सम्बोधित करते हुए लिखा है।कि हम आपके ध्यान में लाना चाहते हैं। कि हाल ही में प्राथमिक स्कूलों के विलय की योजना की घोषणा की गई है। जिसका हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। हमें लगता है कि यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति को और भी खराब कर देगा।प्राथमिक स्कूलों का विलय करने से निम्नलिखित समस्याएं उत्पन्न होंगी छात्रों को लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी विलय के बाद, छात्रों को स्कूल पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।शिक्षा की गुणवत्ता में कमी विलय के बाद,स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ जाएगी, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच कम होगी*: विलय के बाद, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की पहुंच कम हो जाएगी, जिससे गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होगी।हम आपसे अनुरोध करते हैं कि प्राथमिक स्कूलों के विलय की योजना को तुरंत वापस लिया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं सुधार ना होने की दशा मे हम आंदोलन को बाध्य होंगे।



# बाबा वैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिये कांवरियों का जत्था हुआ रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। तहसील तिलोई क्षेत्र के कस्बा जायस से बाबा वैद्यनाथ धाम देवघर में जलाभिषेक को जा रहे करीब दो सौ कांवरियों का पहला जत्था रवाना हुआ। प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांवरियों को अंगवस्त्र भेंटकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया हभगवान शिव के सबसे प्रिय सावन मास में भारी संख्या में कांवरियां बाबा वैद्यनाथ धाम जलाभिषेक करने जाते हैं। कस्बा जायस स्थित प्राचीनतम मंदिरों और शिवालयों में दर्शनोपरांत भक्तिमय गीतों पर धमाल मचाते हुये कांवरियां रेलवे स्टेशन पहुंचे। बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है जैसे नारों से इलाका गुंजायमान रहा। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने कांवरियों को अंगवस्त्र भेंटकर मंगलमय यात्रा की कामना की है। जायस नगर के व्यापारियों ने राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ ही ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।जायस नगर के करीब दो सौ कांवरियां सुल्तानगंज से कांवड़ लेकर पदयात्रा कर बाबा वैद्यनाथ धाम देवघर में जलाभिषेक करेंगे।कांवरियों की सुरक्षा के लिये थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराही पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे और पूरे रास्ते में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,एसडीएम अमित सिंह, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा, अनोखे लाल सोनकर, मनीष जैन,सिद्धांत जैन, संजय कौशल,अविरल जैन, राम बहादुर सोनी, आदित्य सोनकर,धर्मेन्द्र वर्मा, पवन अग्रवाल,काशीनाथ कौशल, अनुराग सोनी, अंकित मौर्या, उमंग कौशल, कन्हैया कौशल, अनिल मौर्या, अरुण सोनी, सौरभ अग्रवाल, चंदन, भोला सोनी, विजय सोनार, संजय कुमार सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिव भक्तो की आस्था का केन्द्र है बल्दीराय कस्बे का प्राचीन शिव मंदिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। तहसील मुख्यालय बल्दीराय स्थित स्थानीय कस्बे में *प्राचीन शिव मंदिर भक्तो के आस्था का केन्द्र बन गया है। सावन माह में शिव के भक्त मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना करके रात को शिव चर्चा का कार्यक्रम करते है जिसमे पूरे कस्बे के महिलाए पुरुष शामिल होते है।

प्राचीन मंदिर में स्थापित नंदी जी महराज भगवान भोलेनाथ की भव्य मूर्ति व बजरंगबली की मूर्ति शिव भक्तो के आकर्षक का केन्द्र बन चुकी है। मंदिर में पूरे सावन माह भर रुद्राभिषेक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते है प्रतिदिन शिव भक्त प्रातः काल भगवान भोलेनाथ को फूल जल अर्पित कर पूजा करते है और कस्बा सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवो के युवा इसी प्राचीन शिव मंदिर में पूजन अर्चन के पश्चात कावंड़ लेकर वैजनाथ धाम अयोध्या धाम केदार नाथ धाम सहित अन्य धाम में जल चढ़ाने के लिए प्रस्थान करते है।



मंदिर प्रांगण में प्रत्येक वर्ष एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है

इस प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण लगभग दो सौ तीस वर्ष पूर्व जमींदार हंस बहादुर सिंह ने करवाया था।

# अवैध कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व टीम से अभद्रता पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,कोतवाली अमेठी क्षेत्र के गांव रेभा में सरकारी अभिलेखों में पशु चिकित्सालय के नाम अंकित भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व टीम के साथ अभद्रता किये जाने का मामला सामने आया है। हल्का लेखपाल ने अवैध कब्जाधारक समेत तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। हल्का लेखपाल प्रभात कुमार सिंह ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती पांच जुलाई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अमेठी द्वारा इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया कि आनन्द कुमार मिश्रा पुत्र हौसिला प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम रेभा तहसील अमेठी द्वारा गाटा संख्या 829 जो कि पशु चिकित्सालय के नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करके लस्सी की दुकान का संचालन किया जा रहा है। उक्त प्रार्थना पत्र के क्रम में सात जुलाई को नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में राजस्व टीम द्वारा गाटा संख्या 829 का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थल पर गाटा संख्या 829 जो कि पशु चिकिस्तालय के नाम दर्ज है जिस पर आनन्द कुमार मिश्रा का अवैध कब्जा पाया गया तो राजस्व टीम द्वारा अवैध कब्जा धारक को कब्जा हटाने हेतु दो दिवस की नोटिस दी गयी।उक्त नोटिस के क्रम में ग्यारह जुलाई को पुनः नायब तहसीलदार अमेठी की उपस्थिति में राजस्व टीम व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया गया उसी दौरान अवैध कब्जाधारक आनंद कुमार मिश्रा द्वारा अपने ऊपर पेट्रोल छिडककर आग लगाने की कोशिश की गयी तथा उसके बाद आनंद कुमार मिश्रा व सुमित कुमार पाण्डेय पुत्र अशोक कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम रेभा थाना अमेठी तथा आनन्द कुमार मिश्रा की पत्नी द्वारा राजस्व टीम व पुलिस टीम को गालियां देते हुये लाठी डण्डा लेकर हमलावर हो गये जिससे अफरा तफरी मच गयी।

# सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

भारत में मुख्यधारा का मीडिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह मानते हुए अब सकारात्मक रवैया अपनाने लगा है, खासकर तब, जबकि इसमें किसी भी तरह भाजपा का हित जुड़ा हो। प्रधानमंत्री बनने से पहले दिल्ली में कॉलेज छात्रों को दिए एक भाषण में अपनी सकारात्मक सोच का उदाहरण देते हुए श्री मोदी ने कहा था कि वे गिलास आधा खाली है या आधा भरा है, इस सवाल पर कहते हैं कि गिलास पूरा भरा है, जो खाली दिख रहा है, वहां हवा भरी है। तो बस तब से देश में ऐसे ही हवा-हवाई माहौल चल रहा है। कुछ रहे न रहे, बस सब चंगा सी की उम्मीद पर देश को चलाया जा रहा है। मीडिया भी तथ्यों को न देखकर हवा-हवाई बातों को बढ़ा रहा है। जैसे गुरुवार को मीडिया ने इस बात को जोर-शोर से चलाया कि चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। चुनाव आयोग की बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की कवायद पर शीर्ष अदालत ने कोई रोक नहीं लगाई है। लेकिन ये हवा से आधे भरे गिलास का उदाहरण है। असल बात ये है कि शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से साफ तौर पर कहा है कि वह जिन 11 दस्तावेज की मांग मतदाताओं से कर रहा है, उसमें आधार कार्ड को भी शामिल किया जाए। अदालत ने चुनाव आयोग से यह भी कहा है कि आप नागरिकता के मुद्दे पर क्यों जा रहे हैं, यह गृहमंत्रालय का विषय है। कुल मिलाकर सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों और तर्कों के आधार पर ही सुनवाई होने दी और उसकी अहम टिप्पणियां भी इन्हीं के आधार पर थीं। सुप्रीम कोर्ट न पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में दिखा, न उसने याचिकाकर्ताओं की तरफ कोई पक्षपात दिखाया, बल्कि उसकी तटस्थता साफ नजर आई, फिर भी मीडिया में चलाए जा रहे शीर्षक यह भ्रम पैदा कर रहे हैं कि बिहार में जिस मुद्दे को लेकर 9 जुलाई को विपक्ष ने इतना बड़ा हल्ला बोल किया, उस मुद्दे पर विपक्ष को अदालत में झटका मिला है। जबकि ऐसा नहीं है। गौरतलब है कि बिहार में चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की कवायद शुरु की और इसके लिए केवल एक महीने का ही वक्त मतदाताओं को दिया कि वे अपने नागरिक होने का प्रमाण खुद ही पेश करें। आयोग ने 11 दस्तावेज की सूची जारी की और कहा कि इनमें से किसी को पेश करने पर ही किसी का नाम मतदाता सूची में आएगा, अन्यथा काट दिया जाएगा। आसान शब्दों में कहें तो चुनाव आयोग ने बिहार के मतदाताओं से खुद के नागरिक होने का सबूत मांगा, जबकि इसमें आधार कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड को मान्यता नहीं दी, जबकि करोड़ों गरीबों के पास यही सबसे सुलभ पहचानपत्र होते हैं और इन्हें भी सरकार ही जारी करती है। इस फैसले को लोकतांत्रिक अधिकार पर सीधा हमला करते हुए चुनाव आयोग के समक्ष विपक्ष ने अपना विरोध दर्ज कराया था, फिर भी कोई समाधान नहीं निकला तो विपक्ष ने 9 जुलाई को बिहार बंद करवाया और इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के अलावा राजद सांसद मनोज झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल, राकांपा (शरद पवार गुट) की सुप्रिया सुले, भाकपा के डी. राजा, सपा के हरिंदर सिंह मलिक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के अरविंद सावंत, झामुमो के सरफराज अहमद, और भाकपा (माले) के दीपंकर भट्टाचार्य, इन सभी ने शीर्ष अदालत से चुनाव आयोग के आदेश को रद्द करने की मांग की है। याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा सकता है, लेकिन इस विशेष गहन पुनरीक्षण में कई समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लगभग 7.9 करोड़ नागरिकों को कवर करेगी, और इसमें वोटर आईडी और आधार कार्ड जैसे दस्तावेज को भी स्वीकार नहीं किया जा रहा है। याचिकाकेर्ताओं ने कहा कि वोटर लिस्ट का रिवीजन मतदाताओं पर अपनी नागरिकता साबित करने का दबाव डालता है जबकि यह काम चुनाव आयोग का है।

# राष्ट्रीय एकता में दर्शन का सदुपयोग

ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद् में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद् में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है 'ब्रह्म' नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक् हूं, तभी पहले भय उत्पन होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं? सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है ''अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)''। श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है ''वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है। ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वहीः11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बाते गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गयी हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्य है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण' को यह मतमान्य नहीं है।

दर्शन बुद्धि विलास नहीं है। मानव जीवन को आनंदित करने के लिए दर्शन का सदुपयोग होता रहा है। राष्ट्रीय एकता के लिए भी दर्शन की उपयोगिता है। वेदांत दर्शन का सदुपयोग शंकराचार्य व विवेकानंद ने किया था। वेदांत का मूल ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। ब्रह्मसूत्र असाधारण रचना है। इसमें वेदो से लेकर उपनिषद् काल तक विकसित सभी विचारों पर टिप्पणियां हैं। रचनाकार ने सूत्रों में बड़ी-बड़ी बातें की हैं। ब्रह्म सूत्र में पूरी बात के लिए भी अतिअल्प शब्द विन्यास हुआ है। पहला सूत्र है-अथातो ब्रह्म जिज्ञासा। अब ब्रह्म की जिज्ञासा है। दूसरे सूत्र में दो शब्द ही हैं, ''जन्माद्यस्य यतः। अनुवाद है-यहां जिससे जन्म आदि होते हैं। अनुवाद से अर्थ पूरा नहीं निकलता इसलिए अनुभूति की सहायता से कहते हैं-वही ब्रह्म है। अब अर्थ पूरा हुआ ''जिससे जन्म आदि होते है वह ब्रह्म है। 'जन्म आदि' का अर्थ भी बड़ा है - जन्म, युवा, बुढ़ापा, मृत्यु, सृष्टि, स्थिति, विकास और प्रलय। तीसरा सूत्र मात्र एक शब्द का ही है, ''शास्त्रयोनित्वात''-शास्त्र में वही कारण है। पूरा अर्थ है वह ब्रह्म ही वेदों शास्त्रों में जगत का कारण कहा गया है। ब्रह्मसूत्रों में सृष्टि जगत का रहस्य है, उपनिषदों में वर्णित तमाम सूत्रों की व्याख्या है। ब्रह्मसूत्र चार अध्यायों व 16 छोटे-छोटे खण्डों में विभाजित है। 16 खण्डों को पाद-चरण कहा गया है। सूत्रों में वेद उपनिषद् में आए तमाम शब्दों, प्रत्ययों, विचारों का विवेचन है। उपनिषदों में प्राण शब्द आया है। यहां प्राण को ब्रह्म कहा गया है। (1.1.28-31) छान्दोग्य उपनिषद् में सम्पूर्णता के लिए 'भूमा' शब्द आया है। यहां भूमा को ब्रह्म बताया गया है। (1.3.8-9) विवेकानन्द ने भी 'भूमा' को ब्रह्म कहा है 'ब्रह्म' नाना रूपों में परिवर्तित जैसा प्रति भासित होता है। इस प्रकार अद्वैतियों के लिए जीवात्मा का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। उनके अनुसार माया ही जीवात्मा के अस्तित्व का कारण है। पारमार्थिक दृष्टि से उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है। इस प्रकार सत्ता यदि केवल एक है, तो यह कैसे संभव हो सकता है कि मैं पृथक सत्ता हूं और तुम एक पृथक सत्ता हो? यथार्थ में हम लोग सभी एक हैं। हमारी द्वैत दृष्टि ही सभी अनिष्ट का कारण है। जभी मैं यह समझता हूं कि मैं संसार से पृथक् हूं, तभी पहले भय उत्पन होता है और तब दुख का अनुभव होता है। जहां व्यक्ति दूसरे से सुनता है, दूसरे को देखता है, वह अल्प है। जहां व्यक्ति दूसरे को देखता नहीं, दूसरे को सुनता नहीं, वह भूमा है, वह ब्रह्म है। भूमा में परम सुख है, अल्प में नहीं? सत्य तत्व इन्द्रियों की क्षमता से परे है। सत्य तत्व की व्याख्या वैसे भी कठिन है। श्वेताश्वतर (3.20), कठोपनिषद (2.20) और तैत्तिरीय आरण्यक में एक साथ एक प्यारा सा मंत्र/श्लोक आया है ''अणोरणीयान महतो महीयान-अणु से लघुतम अणु और महान से महत्तर (वह है)''। श्वेताश्वतर (6.19) में इसी बात को और विस्तार देते है ''वह निरवयव है, निश्चल है, शांत, निर्दोष और निर्लिप्त है। ब्रह्मसूत्र में 561 सूत्र हैं। सभी सूत्र ब्राह्मणों उपनिषदों का विश्लेषण है। ब्रह्म की स्थापना है। यहां सांख्य दर्शन के कारणवाद का खण्डन है। (अध्याय 2.2.1-10) इसी तरह कणाद के परमाणुवाद से उठे भौतिकवादी प्रश्नों का भी परम ब्रह्म में निरूपण है। (वहीः11-17) बौद्ध और जैनमतों का भी जबर्दस्त खण्डन किया गया है (ब्रह्मसूत्रः गीता प्रेस पृष्ठ 148-177) आगे सारी बाते गीता प्रेस से प्रकाशित ब्रह्मसूत्र की पृष्ठ संख्या के उद्धरणों से लिखी गयी हैं। मधु विद्या अमूल्य है। जैमिनि ने पूर्व मीमांसा में इसे देवताओं के योग्य नहीं बताया क्योंकि देवताओं को यह विद्या सहज प्राप्य है। वे ज्योतिर्मय लोकों में रहते हैं। (पृष्ठ 77 श्लोक 1.3.31-32) अगले श्लोक में लिखा है कि 'वादरायण' को यह मतमान्य नहीं है। वेद और उपनिषद 'आनंद' को बार-बार दुहराते है। ब्रह्मसूत्र भी 'आनन्दमयो अभ्यसात' (1.1.12) लिखता है। यहां आनंदमय शब्द में मयट प्रत्यय संसार बोधक है, मय का तात्पर्य 'व्याप्त' होता है, जैसे दुखमय, सुखमय आदि। ब्रह्मसूत्र आनन्दमय को भी ब्रह्मय बताते हैं। लेकिन तैत्तिरीय उपनिषद में आनंदमय का वर्णन करते हुए उसे सीधे 'रसो वै सः' - वह रस है बताते हैं। ब्रह्मसूत्र में उपनिषदों का आनंद भी ब्रह्म है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद का विवेचन है। आनंदमय ब्रह्ममयता है। (1.1.12-19) मुण्डकोपनिषद् में एक मंत्र में कहते हैं ''जो अदृश्य है, इन्द्रिय बोध से परे है, वर्णहीन, गोत्रहीन, आंख, कान, पैर से रहित है नित्य, व्यापक, परिपूर्ण और अविनाशी है। धीरपुरूष उसे देखते हैं, वह समस्त भूतों का कारण है। इसी संदर्भ को लेकर ब्रह्मसूत्र में बताया गया है कि वैदिक अनुभूति में जो अदृश्यता आदि गुणों वाला है। वह ब्रह्म है।'' (1.2.21) ब्रह्मसूत्र मूर्ति पूजा-प्रतीक पूजा की विधि बताता है। आगे कहते हैं 'आसीन सम्भवात'-बैठकर ही ऐसा सम्भव है। (4.1.7) फिर कहते हैं ''ध्यानाच्य-ध्यान'' (4.1.8) और 'अचलत्वे चापेक्ष्य-शरीर की अचलता की अपेक्षा।'' (4.1.9) ब्रह्मसूत्रों पर तमाम भाष्य लिखे गये। शंकराचार्य का भाष्य अद्वैत सिद्धांत कहलाया। उन्होंने इसी आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या बताया। सबसे दिलचस्प है विद्या का प्रकरण। तीसरे अध्याय के चैथे पाद के प्रथम सूत्र में कहते हैं, ''पुरुषार्थ की सिद्धि इसी से (ज्ञान) होती है। शब्द (वेद) यही बताते हैं।'' अगले सूत्र में कहते हैं कि पूर्व मीमांसा के द्रष्टा आचार्य जैमिनि यह बात नहीं मानते। उनका मत है कि ज्ञान को पुरूषार्थ बताना अर्थवाद है। पुरुषार्थ का साधन तो कर्म हैं। श्रेष्ठजनों के आचरण से यही सिद्ध होता है। छान्दोग्य उपनिषद् में भी कर्म को ही पुरूषार्थ का साधन कहा गया है। कर्म कर्तव्य है। (वही 2-7) 6 सूत्रों में जैमिनी के तर्क बताकर फिर वादरायण का मत है ''श्रुति में कर्म की अपेक्षा विद्या की महत्ता है।'' बड़ी मजेदार लेकिन उचित धारणा है कि विद्या कर्म का भाग नहीं है। अध्ययन कर्म भाग है-अध्ययन मात्रवतः। (वही 3.4.12) बताते हैं कि ''विद्या से कर्मों का (कर्मफल) पूरा नाश हो जाता है।'' (3.4.16) वैदिक दर्शन में अक्षर शब्द बहुत आया है। वृहदारण्यक उपनिषद् (3.8.7) में अक्षर की विवेचना है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य से पूछा जो द्युलोक से ऊपर है, पृथ्वी से भी नीचे है। इन दोनो के बीच में भी है। जिसे भूत भविष्य और वर्तमान कहते हैं वह काल किसमे ओत प्रोत है? याज्ञवल्क्य ने कहा-आकाश में। गार्गी ने पूछा, वह आकाश किसमें ओतप्रोत है? याज्ञवल्क्य ने कहा उसे ब्रह्मवेत्ता अक्षर कहते हैं, यह न सूक्ष्म है, न लघु, न बड़ा, न लाल, न पीला। ब्रह्मसूत्र (1.3.100) में अक्षर भी ब्रह्म है। सूत्र है ''अक्षरम्बरान्त धृते-अक्षर आकाश पर्यन्त सबको धारण करता है।'' छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया ''निश्चय ही सभी प्राणी आकाश से ही उत्पन्न होते हैं। ब्रह्मसूत्र में आकाश भी ब्रह्म है। सृष्टि सृजन के सम्बन्ध में उपनिषदों में अनेक विचार हैं। छान्दोग्य उपनिषद् में तेज, जल और अन्न का क्रमिक विकास है। तैत्तिरीय उपनिषद् में ब्रह्म से आकाश की उत्पत्ति है। फिर आकाश से वायु और वायु से तेज। लेकिन वृहदारण्यक उपनिषद् में आकाश अमृत है। अमृत का जन्म नहीं होता, मरण भी नहीं होता। ब्रह्म सूत्र में सारी शंकाओं, मतों का विवेचन है। फिर ब्रह्म को ही जगत का कारण बताया गया है। दर्शन का सदुपयोग बौद्ध, जैन ने भी किया, लेकिन शंकराचार्य विरल हैं। उन्होंने राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता को परिपुष्ट किया। **–हृदयनारायण दीक्षित**

# बुजुर्गों को बोझ समझने की बढ़ती प्रवृत्ति

**विजय गर्ग**

**भारत में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। देश की जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा बुजुर्गों का है, और वर्ष 2050 तक यह अनुपात 17 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। यानी हर छठा भारतीय बुजुर्ग होगा, पर क्या बुजुर्ग को सम्मान से जीने का हक मिलेगा ? वृद्धाश्रम भरते जा रहे हैं, वहीं बेटों के घरों में खालीपन है।**

जिन चौखटों पर कभी मां-बाप की आहटें जीवन को सुकून देती थीं। जहां उनके साये में पीढ़ियां संवरती थीं, आज वही चौखटें बुजुर्गों के लिए अजनबी हो गई हैं। अपने ही घर के दरवाजों से अब उन्हें धक्के मारकर बाहर निकाला जा रहा है। यह कोई भावुक या कोरी कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान का शर्मनाक यथार्थ है। हाल ही में मुंबई में एक कैंसर पीड़ित 70 वर्षीय वृद्धा को उसके ही पोते ने 'आरे कालोनी' के जंगल में छोड़ दिया। पुलिस को वह महिला कचरे के ढेर पर पड़ी मिली, बदहवास, भूखी और अपनी आखिरी सांसें लेती हुई। पुलिस ने 'माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम' के तहत आरोपी पोते को गिरफ्तार किया। यह अकेली घटना नहीं है जो हमें झकझोरती हो। पुणे में एक बेटे ने अपने वृद्ध पिता को घर से बाहर निकाल दिया, पालघर 'बेटों ने अपने ही बुजुर्ग माता-पिता को पीटकर संपत्ति हड़प ली। ये घटनाएं अब अपवाद नहीं रहीं।

भारत में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। देश की जनसंख्या का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा बुजुर्गों का है, और वर्ष 2050 तक यह अनुपात 17 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। यानी हर छठा भारतीय बुजुर्ग होगा, पर क्या बुजुर्ग को सम्मान से जीने का हक मिलेगा ? वृद्धाश्रम भरते जा रहे हैं, वहीं बेटों के घरों में खालीपन है। आधुनिकता के नाम पर यह कैसा आत्महीन समाज बन रहा है जो अनुभव, ममता और त्याग को बोझ मानने लगा है ? यह केवल पारिवारिक रिश्तों की टूटन नहीं, हमारी सामूहिक चेतना की गिरावट है। जिस भारत को हम विकसित कहने लगे हैं, वहां तकनीक की रोशनी तो है, पर संवेदनाओं का अंधकार भी गहराता जा रहा है। अब हम एक ऐसे यंत्रवत समाज की ओर बढ़ रहे हैं, जहां संवेदना केवल पाठ्यक्रमों और स्मारकों में मिलेगी।

बुजुर्गों की यह स्थिति अचानक नहीं हुई है। यह उस सांस्कृतिक पतन की परिणति है, जहां 'स्वतंत्रता' के नाम पर 'सामूहिक जिम्मेदारी' को तिलांजलि दे दी गई। पहले संयुक्त परिवार थे - अनेक दिल, एक घर एकल परिवारों में कमरे हैं, अपनापन नहीं । स्मार्टफोन की रोशनी है, लेकिन मां की आंखों की झिलमिलाहट कहीं खो गई है। जो दादी कहानियां सुनाती थीं, वे अब एकांत में आंसू पोछ रही हैं। यह केवल बुजुर्गों की नहीं, हमारी सामाजिक चेतना की पराजय है।

समझना होगा कि 'विकास' केवल जीडीपी नहीं, मानवीय गरिमा में निहित है। हमें उन धूल भरी चौखटों की ओर फिर से लौटना होगा, जहां मां की थाली में सबसे बड़ा रोटी का टुकड़ा बापू के हिस्से आता था, और दादी की हंसी सबसे सस्ती दवा थी। अब समय आ गया है। कि हम 'बड़ों के सम्मान' को फिर से जीवंत व्यवहार बनाएं। वरना एक दिन हमारे बच्चे भी हमें उसी जंगल में छोड़ आएंगे, जहां आज हम अपने माता-पिता को बेबस छोड़ते देख रहे हैं।

## सेहत मंत्र

# ब्लड प्रेशर से लेकर कोलेस्ट्रॉल तक को कंट्रोल करता है अलसी


अलसी जिसे तीसी या फ्लैक्स सीड भी कहा जाता है सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती है। डिलीवरी के बाद अक्सर महिलाओं को अलसी के लड्डू दिए जाते हैं जिससे उन्हें एनर्जी मिलती है। अलसी सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह कई तरह की बीमारियों से बचाने में कारगर है। चलिए आपको बताते हैं फ्लैक्स सीड के फायदे और उपयोग का तरीका। एक चम्मच (7 ग्राम) पिसी हुई अलसी में 1.28 ग्राम प्रोटीन, 2.95 ग्राम फैट, 2.02 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 1.91 ग्राम फाइबर, 17.8 मि.ग्रा कैल्शियम, 27.4 मि.ग्रा मैग?नीशियम, 44.9 मि.ग्रा फास्फोरस, 56.9 मि.ग्रा पोटैशियम, 6.09 माइक्रोग्राम फोलेट और 45.6 माइक्रोग्राम ल्यूटिन और जीएक्सेंथिन होता है। एक रिसर्च के मुताबिक, अलसी में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, लिग्नैंस और डायट्री फाइबर हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बीपी की समस्या से जूझ रहे मरीजों को अलसी का बीज खाना चाहिए, इससे उनका ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहेगा। अलसी के गुणों पर की गई एक स्टडी के मुताबिक, इसमें फाइबर और म्यूसिलेज नामक तत्व होता है जो शरीर में इंसुलिन की मात्रा को नियंत्रित करते हैं। अलसी को एंटीडायबिटिक माना गया है यानी यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, फाइबर और ओमेगा-3 की अधिक मात्रा डायट में शामिल करने से दिल की सेहत दुरुस्?त रहती है और लिगनेन नामक तत्व ह्रदय रोगों से बचाता है। ये सारी चीज़ें अलसी में होती है, इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स थोड़ी मात्रा में रोजाना की डायट में अलसी को शामिल करने की सलाह देते हैं। अलसी में फाइटोस्टेरोल होता है जो आंत में कोलेस्ट्रॉल को अब्जॉर्व होने से रोकता है। अलसी बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित करने में भी मददगार है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अलसी के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल कम हो जाता है जिससे आपको दिल की बीमारियां होने का खतरा भी कम हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# प्रदोष व्रत का विशेष महत्व होगी संतान सुख की प्राप्ति

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। जिस तरह प्रत्येक माह में दो एकादशी होती है, उसी तरह दो प्रदोष भी होते हैं। हिंदी पंचांग के अनुसार, एकादशी और प्रदोष दोनों ही तिथियां चंद्र के कलाओं से संबंधित हैं। प्रदोष व्रत शिव उपासना का व्रत माना जाता है। यह व्रत प्रत्येक माह के कृष्ण व शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी पर किया जाता है। हिन्दू धर्म में प्रदोष तिथि को भगवान शिव को समर्पित किया गया है। इस व्रत को रखने से चंद्रग्रह के दोष दूर होते हैं। सप्ताह के प्रत्येक दिन के प्रदोष को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है। रविवार के दिन रवि प्रदोष, सोमवार के दिन सोम प्रदोष, मंगलवार के दिन भौम प्रदोष, गुरुवार के दिन गुरु प्रदोष और शनिवार के दिन शनि प्रदोष व्रत कहते हैं। रवि प्रदोषः रविवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को रवि प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत रखने वाले साधक को दीर्घायु और निरोगी जीवन प्राप्त होता है। सोम प्रदोषः सोमवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को सोम प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक के रुके कार्य पूरे होते हैं। इसे कार्य की सिद्धि के लिए किया जाता है। भौम प्रदोषः मंगलवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को भौम प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक को आर्थिक संकट से मुक्ति मिलती है। गुरु प्रदोषः गुरुवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को गुरु प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से दांपत्य जीवन में सुख प्राप्त होता है। शनि प्रदोषः शनिवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को शनि प्रदोष कहते हैं। इस दिन व्रत से साधक को संतान सुख की प्राप्ति होती है। संतान के उन्नति के लिए भी इस व्रत का पालन किया जाता है।

## पर्यटन



# खूबसूरती में जन्नत से कम नहीं श्रीनगर

ये हसीं वादियां ये खुला आसमां आपने ये गाना तो जरूर सुना होगा लेकिन अगर आप हकीकत में इन शब्दों को देखना चाहते हैं, तो आप श्रीनगर में खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। आइए, हम आपको ले चलते हैं श्रीनगर के बेहतरीन सफर पर। इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन : श्रीनगर में स्थित इंदिरा गांधी ट्यूलिप गार्डन अपने वार्षिक ट्यूलिप महोत्सव के लिए बहुत मशहूर है। यह जाबारवन पर्वत की तलहटी में स्थित है। यहां देखने के लिए निशात गार्डन , शालीमार गार्डन, अचाबल बाग, चश्मा शाही गार्डन वर्ल्ड फ़ेमस है। निशांत बागः निशांत बाग डल झील के किनारे पर स्थित है। इसका निर्माण 1633 में अब्दुल हसन आसफ खान ने किया था और यह सबसे बड़ा मुगल गार्डन है। यह पर्यटकों को अपने सौंदर्य की वजह से अपनी ओर खींचता है। शंकराचार्य मंदिरः शंकराचार्य मंदिर एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। यह श्रीनगर का एक अन्य पर्यटन स्थल है। यह मंदिर कई पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह माना जाता है कि इसे 200 ईसा में सम्राट अशोक के बेटे जलुका द्वारा निर्माणित किया गया था। पहाड़ी से शीर्ष आगंतुकों पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला की बर्फ से ढकी पहाड़ों की एक शानदार दृश्य प्राप्त कर सकते हैं। हजरतबल मस्जिद : यह मस्जिद डल झील के किनारे पर स्थित है। यह मस्जिद सफ़ेद मार्बल से बनाया गया है। मस्जिद को दरगाह शरीफ असर-ए-शरीफ और मदीना अमेरिका शनि भी कहा जाता है। दाचीगम नेशनल पार्कः अगर आपको जानवरों से प्यार है या आप जानवरों के बारे में ज्यादा जानना चाहते हैं, तो आप दाचीगम नेशनल पार्क में घूम सकते हैं। आपको यहां कश्मीरी बारहसिंगा, हिमालयन काले भालू देखने को मिल जाएंगे। ऐसे पहुंच सकते हैं श्रीनगरः सड़क मार्ग - श्रीनगर सड़क के जरिए पूरे देश से जुड़ा है। श्रीनगर आप अपनी कार से भी जा सकते हैं और बस के जरिए भी पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर तक दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के कई शहरों से सीधी बस सेवा है। इसके अलावा जम्मू के लगभग हर बड़े शहर से भी सीधी बस सेवा श्रीनगर के लिए है। लेह और कटरा से भी श्रीनगर तक बस चलती है। श्रीनगर दिल्ली से 814 किलोमीटर, चंडीगढ़ से 566 किलोमीटर, जम्मू से 266 किलोमीटर और लेह से 418 किलोमीटर दूर है। सड़क के रास्ते अगर आप श्रीनगर जा रहे हैं तो जम्मू होकर ही जाना होगा।

# ब्राह्मण उत्थान महासभा ने दी प्रशांत मिश्र को श्रद्धांजलि


**भावुक हुए ब्राह्मण उत्थान महासभा के पदाधिकारी दी प्रशांत मिश्र को श्रद्धांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी - ब्राह्मण उत्थान महासभा ने ब्राह्मण उत्थान महासभा के संरक्षक / संस्थापक श्री प्रशांत मिश्र का देहांत 7 जुलाई को हो गया था द्य मृत शरीर की आत्मा की शांति के लिए रविवार को गांधी सभागार में ब्राह्मण उत्थान महासभा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें ब्राह्मण उत्थान महासभा के पदाधिकारी गण मौजूद रहकर दादा प्रशांत मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित की द्य श्रद्धांजलि देते हुए सभी पदाधिकारी भावुक हो गए द्य संस्था के अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा कि प्रशांत मिश्र जी संगठन के प्रति सदैव प्रयास रत रहते थे। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता दादा हम सब के दिलों में हमेशा रहेंगे द्य सुधाकर प्रसाद दीक्षित ने याद करते हुए कहा कि प्रशान्त मिश्र जी के लिए सबसे पहले समाज था फिर घर था द्य वो सदैव समाज के लिए तत्पर रह कर कार्य करते थे द्य संतोष तिवारी ने कहा कि दादा एक भाजपा के भी समर्पित पदाधिकारी भी थे द्य और जमीनी स्तर के नेता थे द्य ब्राह्मण उत्थान महासभा के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने कहा कि हम सब दादा के बताए रास्ते पर चल कर इस संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे द्य प्रशांत मिश्र के पुत्र वैभव मिश्रा ने कहा कि पापा आप मेरे साथ हमेशा रहना अपना आशीर्वाद हमेशा देते रहना हम आपके प्रत्येक कार्य में सहयोग देते हुए आपके बताए गए रास्ते पर हमेशा चलूंगा द्य उन्होंने कहा कि मैं संगठन से जुड़कर सभी की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा द्य साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की द्य इस अवसर पर देवराज त्रिपाठी, काशी प्रसाद त्रिवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ला, वेद प्रकाश शुक्ला, वैभव मिश्रा पुत्र प्रशांत मिश्रा, दिनेश दीक्षित, रुद्र प्रसाद अवस्थी, उमेश त्रिवेदी, बृजेश चतुर्वेदी, इंद्रभूषण मिश्रा, राजेशचंद्र बाजपेई, राकेश पाठक, विवेक तिवारी, श्रवण मिश्रा, मनोज शुक्ला, प्रदीप तिवारी, श्रेष्ठ शर्मा, संदीप तिवारी, उत्तम पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, रितेश कुमार मिश्रा, अनुराग शुक्ला, सुशील, रामेश्वरी त्रिवेदी, अर्चना मिश्रा, वैभव मिश्रा, शिवम शुक्ला, आशीष त्रिवेदी, अन्य ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थिति रहे।

# कविवर उमा जी के जन्मदिन पर रंगारंग काव्य गोष्ठी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले के सुप्रसिद्ध गीतकार उमा शरण वर्मा ''करुण जी'' के 78 वें जन्मदिन काव्य संध्या का आयोजन कर ''करुण जी'' को जन्मदिन की भावपूर्ण बधाई दी। जन्मदिन की काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि समाजसेवी रत्नेश कुमार ने करुण जी को जन्मदिन की बधाई दी, उन्होंने कहा कि उम्र के आखिरी पड़ाव में वह स्वस्थ्य रहें, मेरी ईश्वर से प्रार्थना है।

काव्य गोष्ठी का संचालन कर रहे अनिल कुमार श्रीवास्तव''लल्लू जी'' ने अपनी रचना -प्यार देते रहो प्यार लेते रहो,पढ़ कर बधाई दी।करुण जी के सुपुत्र अमित वर्मा, बहू बेटियों आराधना वर्मा , अमिता वर्मा , आयुषी पटेल , रिदम पटेल, शिप्रा वर्मा , साक्षी वर्मा ने करुण जी रचनाये उनके समक्ष पढ़ी तो उनकी आंखों में खुशी छा गई। इस मौके पर अमित वर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# व्यापारी और सिपाही पर जानलेवा हमला, हमलावर फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दोस्तपुर/सुलतानपुर। बीती रात दोस्तपुर ब्लॉक चौराहे के समीप स्थित राकेश होटल पर उस समय हंगामा मच गया जब दो अज्ञात युवक भोजन करने पहुंचे और भोजन के पैसे को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि होटल मालिक से कहासुनी होने लगी। स्थिति को संभालने के लिए थाने के सिपाही गोला और स्थानीय व्यापारी मन्नू सेठ मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव की कोशिश की। इसी दौरान सिपाही गोला द्वारा एक युवक को थप्पड़ मार देना हमलावरों को नागवार गुजरा और वे बेकाबू हो गए। हमलावरों ने होटल में रखी स्ट्रिंग पट्टी से सिपाही गोला और मन्नू सेठ पर हमला बोल दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर तीन की संख्या में बाइक से सवार थे और भागते समय जान से मारने की धमकी दे गए। घटना की जानकारी सुबह लोगों को हुई तो पूरे कस्बे में आक्रोश की लहर दौड़ गई। व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। व्यापारी नेता मन्नू सेठ ने बताया कि यदि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो व्यापारी वर्ग सामूहिक रूप से दुकानें बंद कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। सीओ कादीपुर विनय कुमार गौतम ने बताया कि घटना गंभीर है।

## आगंतुक कक्ष से फरियादियों को मिलेगी सहूलियत

अमेठी,थाना रामगंज के प्रांगण में नव निर्मित आगन्तुक कक्ष व पुलिस चौकी रामगंज में मुख्य द्वार कार्यालय मंदिर व बैरिक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना रामगंज परिसर में नवनिर्मित आगन्तुक कक्ष का लोकार्पण किया गया।आगन्तुक कक्ष बनने से थाना रामगंज पर आने वाले लोगों के लिये उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में विस्तार होगा एवं मित्र पुलिस की भावना सशक्त होगी।तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व ब्लाक प्रमुख भादर प्रवीण कुमार सिंह के साथ ही जनपद के अन्य जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में न्यू मॉर्डन पुलिस चौकी रामगंज में नवनिर्मित मुख्य द्वार, कार्यालय, ममंदिर व बैरिक का लोकार्पण किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई।निर्माण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले श्रमिकों व चौकीदारों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर उनके कार्य की सराहना की गई।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, गला दबाकर हत्या की आशंका, तीन नामजद आरोपी फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम कजियापुर मजरे मोहम्मदपुर बाहु में रविवार को एक 30 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालात में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने तीन लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

**बैनामा विवाद बना मौत की वजह!**

मृतक श्यामू यादव (30 वर्ष), पुत्र स्व. मनीराम, निवासी ग्राम कजियापुर मजरे मोहम्मदपुर बाहु, दो माह पहले एक ज़मीनी सौदे को लेकर विवादों में फंसा था। मृतक के भाई सोहनलाल उर्फ़ रामू ने बताया कि गांव के बाहर के रहने वाले सुशील पुत्र रामकुमार, निवासी ग्राम रमसहाय, थाना बदोसराय ने श्यामू को पहले शराब पिलाई और नशे की हालत में उससे 78 एयर जमीन का बैनामा करवा लिया। इसके बाद तय राशि न देने पर लगातार श्यामू को डराया-धमकाया जाने लगा। गांव वालों के दबाव में आकर तीन दिन पूर्व सुशील ने पैसे देने का आश्वासन तो दिया, लेकिन रविवार को घटनाक्रम कुछ और ही हो गया।

**अज्ञात स्थान पर ले जाकर छोड़ा बेहोशी की हालत में**

रविवार की सुबह जब मृतक श्यामू का परिवार खेत में धान की रोपाई के लिए गया था, उसी दौरान गांव का ही निवासी द्वारिका उर्फ़ नक्का पुत्र शिवकैलाश उसे बाइक पर बैठाकर कहीं ले गया। दोपहर में जब मृतक की मां रामलली और छोटी बहन सेजल सहादतगंज से लौट रही थीं, तो उन्होंने देखा कि सुशील, द्वारिका और कल्लू वर्मा पुत्र बाबादीन श्यामू को अर्धमूर्छित अवस्था में गांव के खड़ंजे पर छोड़कर भाग रहे हैं।

सीएचसी ले जाते समय तोड़ा दम

परिजनों ने तत्काल श्यामू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ागांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्यामू के गले पर दबाव के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

**बुजुर्ग मां का सहारा छिना, मासूम बेटी अनाथ**

श्यामू की मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। वृद्ध मां रामलली का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी से करीब एक वर्ष पूर्व संबंध विच्छेद हो चुका था और उसकी पांच वर्षीय पुत्री सृष्टि उसी के साथ रहती थी। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बेहद दयनीय बताई जा रही है। श्यामू की बड़ी बहन रेनू अर्धविक्षिप्त है, मंझली बहन प्रियंका की शादी हो चुकी है और सबसे छोटी बहन सेजल की अभी शादी होनी बाकी थी। घर का इकलौता कमाऊ सदस्य श्यामू ही था।

पुलिस ने की जांच शुरू, आरोपी फरार

घटना की जानकारी मिलते ही मसौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर तीन लोगों को नामजद किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रामीणों में आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग**

घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त सजा की मांग की है।

# सावन माह के प्रथम सोमवार को शिव तीर्थों में श्रद्धालुओं का जमावड़ा, प्रशासन सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। पावन सावन माह में देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों में भारी उल्लास व उत्साह है।

रविवार की शाम से ही शिव तीर्थों में शिव भक्तों की भीड़ एकत्रित दिखाई दे रही है। जिला प्रशासन भी शिव भक्तों की सुविधा में कोई कसर नहीं छोड़ रहा।

''लोधेश्वर महादेवा '': रविवार को अचानक मौसम खराब हुआ और बरसात हुई तो जल भराव होने से शिव भक्तों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी।

महादेवा तीर्थ में मठ मंदिर से लौधौरा चौराहा तक बनी नई सड़क पर भारी जलभराव हुआ।जल निकासी न होने से मंदिर परिसर के सामने जलभराव होने से श्रद्धालुओं को परेशानी हुई।उपजिलाधिकारी विवेकशील ने संज्ञान लेकर समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।सावन मेले में महादेवा आ रहे वाहनों और श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए छह स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।वाहनों के लिए शुल्क निर्धारित कर दिए गए हैं बस 200 कार 50 ट्रैक्टर 100 बाइक 50 और साइकिल का शुल्क 10 रुपए है।प्रथम सोमवार को महादेवा में लाखों शिवभक्तों की आमद का अनुमान है जिनकी स्वागत और सुरक्षा में प्रशासन अलर्ट है।

निंदूरा प्रसन्नाथ महादेव मंदिरः सावन मास के तीसरे दिवस आज रविवार को सुबह से ही भगौली स्थित भगवान महादेव के मंदिर में श्रद्धालु,भक्तों की कतारें देखने को मिली। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने भी प्रसिद्ध महादेव मंदिर पहुंचकर विधिविधान से पूजन एवं जलाभिषेक किया। तदोपरांत उपस्थित सभी शिव भक्तों को कांवर देकर तहसील रामनगर स्थित लोधेश्वर महादेवा के लिए रवाना किया।बताते चले कि भगौली स्थित महादेव मंदिर को प्रसन्ननाथ महादेव मंदिर नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर बाराबंकी नगर से 40 किमी जिले के सीतापुर सीमा पर भगौली गांव में स्थित है। बताते हैं कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहाँ कुछ समय बिताया था, इस मध्य शिवलिंग की स्थापना की थी।

''सिरौली गौसपुर कुंतीश्वर महादेव'':

उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देशन में तीर्थ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद पी.एल पुनिया कार्यकर्ताओं संग महाभारत कालीन कुंतीश्वर महादेव मंदिर पहुंचे और विधिपूर्वक जलाभिषेक किया।

कार्यकर्ता जाना हाल चाल

कांग्रेस नेता श्री पुनिया पूजा अर्चन पश्चात किंतूर गांव में सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष इंतखाब आलम नोमानी के घर पहुंचे। शनिवार को इंतखाब आलम के चाचा का निधन हुआ था। पुनिया ने परिवार से मिलकर शोक जताया । इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, ओंन मियां, मोहम्मद वैश, जुल्फी मियां सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूल प्रबंधक समेत 6 लोगों ने धारदार हथियार से किया वार, एक घायल

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जिले के बल्दीराय में स्कूल फीस को लेकर विवाद हिंसक रूप ले लिया। श्रीचंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज और क्ट्टट्ट्ट पब्लिक स्कूल के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह और उनके साथियों ने छात्र के चाचा और उनके दोस्त पर हमला कर दिया। घटना की शिकायत मिझूटी महादेवन सोरांव निवासी सुषमा ने थाने में दर्ज कराई है। सुषमा के दो बच्चे अभिनव तिवारी और आरूष तिवारी दोनों स्कूलों में पढ़ते हैं। एडवांस फीस जमा होने के बाद भी अध्यापिका शिवानी ने सुबह 8 बजे फोन कर दोबारा फीस मांगी। अनिल कुमार ने ऑनलाइन पेमेंट का हवाला दिया। इस पर अध्यापिका ने अभद्र व्यवहार किया। प्रबंधक द्वारा बच्चे को मारने की सूचना पर सुनील ने फोन किया। प्रबंधक ने धमकी दी और बाद में कई नंबरों से जान से मारने की धमकियां आईं। शारदा नहर के पुल पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, दिव्यांशू, जयप्रकाश, अफजाल, वैभव सिंह और राकेश ने सुनील और उनके दोस्त वीरेंद्र को घेर लिया। आरोपियों ने धारदार हथियार, लाठी और बाइक की चैन से हमला किया। वीरेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गए। सुनील ने बाइक छोड़कर जान बचाई। बल्दीराय थाने के प्रभारी नारद मुनि सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भदैयां में पोषण आहार के लिए ईकेवाईसी जरूरी

भदैंया/सुल्तानपुर। राष्ट्रीय बाल विकास पुष्टाहार कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार पाने वाले बच्चों, धात्री और गर्भवती महिलाओं का चेहरा प्रमाणीकरण अभियान चल रहा है। भदैयां क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं रविवार की छुट्टी में भी काम में जुटी हैं। वे बालमपुर, केनौरा, कैभा, सेमरीपुरुषोतमपुर, मझिलेगांव, सौराई, पाल्हनपुर और गौरा जैसे गांवों में घर-घर जाकर लाभार्थियों का ईकेवाईसी कर रही हैं। परियोजनाधिकारी दयाराम ने स्पष्ट किया है कि 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करना अनिवार्य है। जिन लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण नहीं होगा, उन्हें पोषण आहार नहीं मिलेगा। 175 आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है।

## तमंचा कारतूस समेत धरे गए दो बदमाश

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी पुलिस ने जामा तलाशी के दौरान तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया।उमरा चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह कतरामऊ के निकट दो लोगों को संदिग्धावस्था में रोका गया। उनकीजामा तलाशी ली गई तो दोनों के पास एक एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम बहजुद्दीन ऊर्फ छोटू पुत्र शमसुद्दीन निवासी जाकिर नगर थाना कुर्सी व आमिर पुत्र पप्पू निवासी धरसंडा थाना देवा बताया। दोनों बदमाशों को जेल भेजा गया।

## बेलहरा,छेदा , आरोग्य मेला में मरीजों की भारी भीड़

बेलहरा फतेहपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के बेलहरा तथा छेदा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आज आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।जहाँ लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गये।बेलहरा में 100 मरीजों का उपचार किया गया।

डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण त्वचा संबंधी समस्याएँ अधिक देखने को मिल रही हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि कई बच्चे और बुजुर्ग खुले में (मैदान में) सोने के कारण बुखार से पीड़ित हुए।अस्पताल में टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और कुछ मरीज सांस की समस्या से भी पीड़ित पाए गए।

''पीएचसी छेदा'' : शाम 3 बजे तक लगभग 70 मरीजों की जाँच हुई। डॉ. धर्मेंद्र ने बताया कि अधिकांश मरीज बुखार और पेट संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे।

## दीवार ढही, गृहस्वामी जख्मी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । घुघंटेर थाना क्षेत्र के महोलिया गांव में शनिवार की रात तेज हवा व बिजली की कड़क से दीवार ढह गई। गृह स्वामी मालती देवी गंभीर रूप से जख्मी हुई। बताते हैं कि मालती देवी छत पर बने आंगन में लगे जाल पर प्लास्टिक ढकने गई थी जिससे पानी आंगन में ना गिरे। गंभीर जख्मी मालती का लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल लवकुश ने बताया कि दीवार गिरने मालती का पैर टूट गया है। नुकसान का आंकलन कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजेंगे ।

# गांवों में बनाई सड़कें सुरेश ने की जनता को समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। रविवार को विकास खंड देवा की ग्राम बरेठी,सेमरा, सैहारा में अपनी विधायक निधि से बनी इंटरलॉकिंग सड़कों का रविवार को सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक धर्मराज ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में समाज का कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है सभी अन्याय और अत्याचार के शिकार है,समाज की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली मां बहनों की अस्मिता पर हमला किया जा रहा है और शासन प्रशाशन मौन है।

विधायक धर्मराज ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाले लोगों को जनता जीरो करने जा रही है पूरे 8 वर्ष के शासन में उत्तर प्रदेश की जनता को सिर्फ और सिर्फ छला ऑफ ठगा गया है योगी सरकार से सवाल पूछते हुए विधायक धर्मराज ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी क्यों बकाया है?किसान मजदूर बदहाल क्यों है?युवाओं का भविष्य अंधकारमय क्यों है?सामाजिक सद्भाव क्यों बिगड़ रहा है?

विधायक धर्मराज ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों को बंद करने का सरकार का मकसद साफ है कि गरीबों को शिक्षा से वंचित रखा जाए।

इससे पहले विधायक धर्मराज ने गांव के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों फीता कटवा कर सड़को का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह रावत,राम सागर रावत, फूलचंद्र, मो रिजवान,मायाराम यादव,मो रियाज प्रधान, सत्येंद्र यादव,कुलदीप यादव,विनीत यादव,कृष्ण कुमार यादव प्रधान,राकेश यादव,मनीष यादव प्रधान,विनीत यादव सभासद, विश्राम यादव प्रधान,विनोद यादव प्रधान, सुशील यादव,बाबुल मिश्रा,आशीष यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं : रहाणे

एजेंसी



नयी दिल्ली। 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा, ''मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है। जब रहाणे से पूछा गया कि विराट कोहली और रोहित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं। पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफ़ी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35.92 की औसत से एक अर्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147.27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा, ''मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं। मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना बहुत पंसद है। खेल के प्रति मेरा प्रेम ही मुझे लगातार अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है।

## पंत के रन आउट पर राहुल ने कहा- 'यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था'

एजेंसी



लॉर्ड्स। भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के रन आउट होने पर केएल राहुल ने कहा कि यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। उन्होंने कहा कि कोई भी अपना विकेट इस तरह नहीं गंवाना चाहता। साथ ही राहुल ने बताया कि वह लंच से पहले अपना शतक पूरा करना चाहते थे। ऋषभ पंत उस समय बल्लेबाजी करने आए थे जब भारत ने 107 के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल के रूप में तीसरा विकेट गंवा दिया था। इसके बाद पंत ने राहुल के साथ शतकीय साझेदारी की। दोनों बल्लेबाज मैच के तीसरे दिन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन लंच से ठीक पहले पंत रन आउट हो गए। पंत ने 122 गेंदों पर 72 रन बनाए थे। केएल राहुल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कुछ ओवर पहले पंत से बातचीत हुई थी। मैंने उनसे कहा कि अगर हो सका तो लंच से पहले मैं अपना शतक पूरा कर लूंगा। लंच से पहले बशीर ने आखिरी ओवर फेंका, तो मुझे लगा कि शतक बनाने का अच्छा मौका है, लेकिन, हां, बदकिस्मती से मेरी गेंद सीधे फील्डर के हाथ में चली गई। यह ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका लगा सकता था। राहुल ने कहा कि वह बस स्ट्राइक रोटेट करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि क्या वह मुझे वापस स्ट्राइक पर ला सकते हैं लेकिन, हां, ऐसा नहीं होना चाहिए था। उस समय एक रन आउट ने वास्तव में खेल की गति बदल दी। राहुल ने कहा कि यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। जाहिर है, कोई भी अपना विकेट इस तरह नहीं गंवाना चाहता। राहुल ने लंच के बाद अपना शतक पूरा किया, लेकिन तुरंत बाद वह आउट हो गए। राहुल ने 177 गेंदों पर 100 रन बनाए। राहुल ने कहा कि जाहिर है थोड़ी निराशा हुई। हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों आउट हो गए। वह लंच से ठीक पहले आउट हो गए और मैं लंच के ठीक बाद। यह आदर्श नहीं था। आपके पास शीर्ष पांच में सेट बल्लेबाज थे जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी, इसलिए आप चाहते हैं कि उनमें से कोई एक या दोनों आगे बढ़कर बड़ा स्कोर बनाएं, टेस्ट मैच में इसी तरह आप आगे बढ़ते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 2 रन बना लिए हैं। इस टेस्ट मैच की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि दोनों टीमों ने अपनी पहली पारी में समान 387 रन बनाए। दोनों टीमों की बीच सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

## त्रिकोणीय श्रृंखला : न्यूजीलैंड ने चोटिल एलन की जगह कॉनवे को टीम में किया शामिल

एजेंसी



नई दिल्ली। जिम्बाब्वे में होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज डेवोन कॉनवे को टी20 स्क्वाड में शामिल किया है। उन्होंने फिन एलन की जगह ली है, जो मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे।

न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने एक बयान में कहा कि हम फिन के लिए वाकई बहुत दुखी हैं। मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, लेकिन दुर्भाग्य से चोटें लग जाती हैं। हम भाग्यशाली हैं कि फिन की जगह डेवोन जैसे अनुभवी खिलाड़ी को टीम में शामिल कर पा रहे हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रविंद्र की चौकड़ी के अतिरिक्त कवर के रूप में मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन को भी टीम में शामिल किया है। त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत कल यानी सोमवार से हो रही है। श्रृंखला का फाइनल मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड अपना पहला मुकाबला 16 जुलाई को साउथ अफ्रीका से खेलेगी।

## शेफाली वनडे वर्ल्ड कप की दौड़ में शामिल हैं : मजूमदार

एजेंसी



बर्मिंघम। शेफाली वर्मा इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप में भारत के शुरुआती दौर में ही बाहर होने के बाद शेफाली को भारतीय टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए शेफाली की भारतीय दल में वापसी हुई और उन्होंने अंतिम मैच में 41 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलते हुए सीरीज में स्मृति मंधाना के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में सीरीज का समापन किया।

शेफ़ाली ने 158.55 के स्ट्राइक रेट और 35.20 की औसत से कुल 176 रन बनाए जिसमें 20, 3, 47, 31 और 75 रनों की पारी शामिल है। उनके दोनों सबसे बड़े स्कोर उस मैच में आए जिसमें भारत हार गया। द ओवल और एजबस्टन दोनों ही जगह इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। शेफाली द्वारा अपनी टीम को 19 रन पर 2 विकेट से 167 रन पर 7 विकेट तक पहुंचाने में मदद करने के बाद, मेजबान टीम को इंग्लैंड में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जीत हासिल करने के लिए सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करना पड़ा - और उन्होंने यह जीत केवल अंतिम गेंद पर हासिल की, जबकि डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकली के बीच 101 रन की ओपनिंग साझेदारी हुई थी।

शनिवार को शेफाली ने 23 गेंदों पर अर्धशतक जड़ते हुए महिला टी20 में संयुक्त तौर पर दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया, इस मामले में सिर्फ़ ऋचा घोष ही उनसे आगे हैं जिन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा था। शेफाएली बुधवार से साउथम्प्टन में शुरू होने वाली वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन भारत के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि वह 30 सितंबर से घरेलू सरजमीं पर शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए ''बिना किसी संदेह'' के दावेदार हैं, हालांकि दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर डेब्यू करने के बाद से प्रतीका रावल ने 11 वनडे मैचों में 63.80 की औसत से रन बनाए हैं। आयरलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर उनका सर्वोच्च स्कोर 154 रन है और उन्होंने पांच अर्धशतक भी लगाए हैं। मजूमदार ने कहा, ''इससे पता चलता है कि इस भारतीय टीम में अब काफ़ी गहराई आ गई है। प्रतीका रावल को दिसंबर में चुना गया था, यानी लगभग छह महीने हो गए हैं, लेकिन उन्होंने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के शुरुआती दौर में ही अपनी एक गहरी छाप छोड़ दी है। 'तो मुझे लगता है कि इस भारतीय लाइन-अप में काफी गहराई है, कोचिंग स्टाफ के लिए इसका होना अच्छा सिरदर्द है। और शेफाली एक बेहतरीन खिलाड़ी रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि वो टीम में होंगी। वो भारत के कोर ग्रुप में शामिल होंगी। मेरे मन में इसे लेकर कोई शक नहीं है। लेकिन फिलहाल, प्रतीका, वो वनडे से चार या पांच दिन पहले ही टीम में शामिल हुई हैं। टीम की गहराई और भी ज्यादा है, और लगातार मजबूत होती जा रही है।''

हालांकि वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए वर्ल्ड कप की बेहतर संभावना प्रदान करेगी, लेकिन भारत को बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी के जरिए अधिक प्रोत्साहन मिला है, जिन्हें टी20 सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## मर्सिडीज बेंज इंडिया की सितंबर से अपने वाहन के दाम एक-डेढ़ प्रतिशत बढ़ाने की योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूरो के मुकाबले रुपये के कमजोर होने की वजह से लक्जरी कार कंपनी मर्सिडीज बेंज इंडिया सितंबर से अपने वाहन के दाम एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने यह बात कही है। मर्सिडीज इस साल पहले ही जनवरी और जुलाई में अपने वाहन के दाम बढ़ा चुकी है। अय्यर ने बातचीत में कहा, ''सितंबर में यूरो के कारण कीमतों में एक और बढ़ोतरी होने वाली है। अगर आप देखें, तो पिछले एक महीने में यूरो 100 रुपये के स्तर पर बना हुआ है, और इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। इसलिए, हमें सितंबर में भी कीमतों में बढ़ोतरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि कंपनी वाहन कीमतों में एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ोतरी करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कीमतों में बढ़ोतरी से बिक्री प्रभावित हो सकती है, अय्यर ने कहा कि ब्याज दरों में कमी की वजह से खरीदारों के लिए ईएमआई (मासिक किस्त) भुगतान काफी हद तक संतुलित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी की लगभग 80 प्रतिशत नई कारों की बिक्री 'फाइनेंस' के जरिये होती है। अय्यर ने कहा, ''इसलिए, जब आप ईएमआई पर गौर करते हैं, तो हमने उसे वही रखने की कोशिश की है, हालांकि कार की कीमत बढ़ गई है। इससे हमें मूल्यवृद्धि के प्रभाव को काफी हद तक कम करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि बाजार में अब भी मांग है, और अर्थव्यवस्था के बढ़ने के साथ लोग लक्जरी कारें खरीदना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि खरीदार समझते हैं कि मुद्रा में उतार-चढ़ाव को देखते हुए, कीमतें कंपनी के नियंत्रण से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या कंपनी को महत्वपूर्ण खनिज चुंबक के कारण उत्पादन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, अय्यर ने कहा, ''अगर आप आपूर्ति श्रृंखला को देखें, तो जहां तक हमारा संबंध है, हम अभी तक इनमें से किसी भी चीज से प्रभावित नहीं हुए हैं, क्योंकि हम इसे अच्छी तरह से प्रबंधित कर रहे हैं।

## अरुणाचल प्रदेश में 18,000 मेगावाट की पनबिजली परियोजनाओं पर काम जारी : मुख्यमंत्री खांडू

एजेंसी

नयी दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश में 18,000 मेगावाट की पनबिजली परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन परियोजनाओं में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने साक्षात्कार में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनमें से 2,620 मेगावाट की पांच परियोजनाएं राज्य सरकार द्वारा नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) को, 5,097 मेगावाट की पांच परियोजनाएँ सतलज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएन) को और 3,800 मेगावाट क्षमता वाली दो परियोजनाएं एनएचपीसी को आवंटित की गई हैं। खांडू ने कहा, ''फिलहाल, कुल 18,000 मेगावाट पनबिजली उत्पादन के लिए काम चल रह रहा है। आने वाले दिनों में, हम और परियोजनाएं जोड़ेंगे। इन सभी परियोजनाओं में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं पहले निजी क्षेत्र के डेवलपर्स को आवंटित की गई थीं, लेकिन विभिन्न कारणों से शुरू नहीं हो पाई थीं। इसलिए, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सुस्त पड़ी परियोजनाओं को गति देने के लिए पनबिजली क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को इसमें शामिल करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, ''डेवलपर्स की ओर से किसी तरह की पहल नहीं होने की वजह से ये परियोजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित थीं। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री बनने के बाद, मैंने सभी परियोजनाओं की समीक्षा की और उन्हें रद्द कर दिया। मैंने केंद्र सरकार से कहा कि जलविद्युत या पनबिजली परियोजना का मतलब बड़ा निवेश होता है। निजी कंपनियां इन्हें लागू करने की स्थिति में नहीं हैं। केवल भारत सरकार को ही पहल करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने पहले प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक की और उसके बाद केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों ऽ एनएचपीसी, नीपको और एसजेवीएन के साथ बेसिन आधार पर समझौते किए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां परियोजना की तत्काल संभावना थी, राज्य सरकार ने पिछले साल 13,000 मेगावाट के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि इनके अलावा 2,000 मेगावाट की लोअर सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना पर काम चल रहा है। इस परियोजना से अगले साल बिजली उत्पादन शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया, ''एक अन्य परियोजना लोअर सुबनसिरी से भी बड़ी है। इस परियोजना पर काम चल रहा है। इस परियोजना से 2,880 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। खांडू ने बताया कि परिचालन में आने के बाद लोअर सुबनसिरी देश का सबसे बड़ा पनबिजली उत्पादन संयंत्र होगा। इसके बाद, प्रस्तावित 2,880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय जलविद्युत परियोजना के 2032 में चालू होने की उम्मीद है। इसमें लगभग 288 मीटर ऊंचा देश का सबसे ऊंचा बांध भी होगा।

## परिवारों को बायोगैस संयंत्र पर 10,000 रुपये की सब्सिडी दे सरकार : आईबीए

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय बायोगैस संघ (आईबीए) ने 50 लाख बायोगैस इकाइयों के पुनरुद्धार के लिए परिवारों को 10,000 रुपये प्रति इकाई की सब्सिडी योजना की वकालत की है। आईबीए ने कहा कि ये इकाइयां मूल बुनियादी ढांचे के साथ तैयार हैं और इनसे ग्रामीण भारत में स्वच्छ ऊर्जा की स्वीकार्यता को व्यापक समर्थन मिल सकता है। भारतीय बायोगैस संघ के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि इस योजना पर कुल सरकारी खर्च 5,000 करोड़ रुपये होगा, जिसकी भरपाई दो साल में हो सकती है। उन्होंने बताया कि आईबीए ने सरकार से देशभर में 50 लाख बायोगैस इकाइयों को समर्थन देने के लिए एक साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों के लिए बुनियादी ढांचा पहले से ही मौजूद है और ग्रामीण भारत में इसकी व्यापक स्तर पर स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''स्वच्छ भारत अभियान जैसा एक केंद्रित, मिशन-संचालित दृष्टिकोण इस दिशा में सार्थक परिणाम दे सकता है। इनमें से अधिकांश प्रणालियां धन की कमी, रखरखाव और दीर्घकालिक प्रोत्साहनों के कारण कम उपयोग में हैं या निष्क्रिय हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम क्षमता से प्रदर्शन की ओर बढ़ें और बायोगैस को भविष्य के वास्तविक घरेलू ईंधन में परिवर्तित करें। उन्होंने कहा, ''आईबीए बायोगैस प्रणालियों को न केवल सुलभ बल्कि लाभदायक बनाने के लिए नीतिगत क्रांति का आह्वान करता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत भारत सरकार पात्र ग्रामीण परिवारों को व्यक्तिगत घरेलू शौचालय (आईएचएचएल) के निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान करती है। छोटे बायोगैस संयंत्रों के पुनरुद्धार के लिए भी इसी तरह के एक मॉडल पर विचार किया जा सकता है, जिसकी पुनरुद्धार लागत लगभग 10,000 रुपये प्रति इकाई होगी।

## निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे का इंतजार

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के कारण बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट तेज हो गयी। निवेशकों को अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संतुलित परिणाम की प्रतीक्षा है। वे फिलहाल किनारे रह कर कुछ चुनिंदा लिवाली करना बेहतर मान रहे हैं । सप्ताह के दौरान तिमाही परिणामों का सीजन आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से शुरू हुआ जिसमें बाजार को वैश्विक मांग में नरमी का संकेत दिखा है। सप्ताहांत यूरोपीय संघ और मैक्सिको के खिलाफ अमेरिका में 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा का इस सप्ताह बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारत में मुद्रास्फीत नीचे आने और ब्याज दर में नरमी से निवेशकों का बाजार में विश्वास बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की व्यापार नीति से व्याप्त अनिश्चिताओं और भू-राजनीतिक तनाओं के बीच मांग में कमी के कारण फिलहाल निवेश किनारे पर ही रहना बेहतर मान रहे हैं। पिछले कुछ महीनों तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से अच्छे प्रवाह के बाद जुलाई में अब तक उनका निवेश कुल मिलाकर कम हुआ है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्ज के अनुसार स्थिर मैक्रो संकेतक और घटती मुद्रास्फीति तेजी की धारणा को बढ़ावा दे रही है, हालांकि वैश्विक संकेत (जैसे, अमेरिकी चुनाव, ब्याज दरों पर निर्णय) अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। फर्म के अनुसार निवेशक चुनिंदा खरीदारी की ओर झुके हैं और उचित मूल्य निर्धारण और स्पष्ट वृद्धि की संभावना वाले आईपीओ को पसंद कर रहे हैं।फिर भी बाजार में फार्मा, औद्योगिक और विशिष्ट उपभोक्ता वस्तु वर्ग के शेयर बेहतर चल रहे हैं जबकि रियल एस्टेट और फिनटेक क्षेत्र में मंदी बनी हुई है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी.के. विजय कुमार का कहना है कि एफपीआई प्रवाह कमजोर होने के संकेत हैं। तीन महीने तक सकारात्मक प्रवाह के बाद, जुलाई में अब तक एफपीआई मामूली रूप से ही सही, नकारात्मक हो गया है। जुलाई में 11 तारीख तक स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से इक्विटी में एफपीआई प्रवाह 555 करोड़ रुपये का नकारात्मक आंकड़ा दर्शाता है। अप्रैल, मई और जून में तीन महीने तक सकारात्मक प्रवाह के बाद यह पहला नकारात्मक प्रवाह आंकड़ा है। इस वर्ष 2025 के जनवरी, फरवरी में तेज निकासी के साथ पहले तीन महीने एफपीआई प्रवाह नकारात्मक रहे और अगले तीन महीनों में यह प्रवृत्ति उलट गई थी। जुलाई में फिर प्रवाह कुल मिला कर नकारात्मक हो गया है। वैसे वर्ष 2025 के लिए, अब तक कुल मिलाकर एफआईआई प्रवाह 100443 करोड़ रुपये घटा है। श्री विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई प्राथमिक बाजार में लगातार खरीदार और निवेशक रहे हैं। तीन महीने की खरीदारी के बाद जुलाई में एफपीआई की बिकवाली को मार्च के निचले स्तर से बाजार में आई रिकवरी और उसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार चूंकि अन्य बाजार अपेक्षाकृत सस्ते हैं इस लिए वहां पूंजी डालने के लिए एफआईआई अल्पकालिक रणनीति के तहत भारत में फिर से बिकवाली कर सकते हैं । इस वर्ष की पहली छमाही में भारतीय बाजार ने अधिकांश बाजारों से कमतर प्रदर्शन किया है। चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग के वरिष्ठ विश्लेषक मंदार भोजने ने कहा कि भारत में प्रमुख बाजार सूचकांक इस समय अपने उच्च स्तरों से अल्पकालिक सुधार के दौर से गुजर रहा है।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 2.07 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी


नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 56,279.35 करोड़ रुपये घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रह हैं। शुक्रवार को टीसीएस के शेयर में लगभग 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 54,483.62 करोड़ रुपये घटकर 10,95,887.62 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 44,048.2 करोड़ रुपये घटकर 20,22,901.67 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,818.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,62,564.94 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,556.84 करोड़ रुपये घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.25 करोड़ रुपये घटकर 5,83,322.91 करोड़ रुपये पर आ गया।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की 'कठपुतली' रहा : कपिल सिब्बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की ''कठपुतली'' रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक ''असंवैधानिक'' कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें।

पूर्व कानून मंत्री ने एक साक्षात्कार में यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त ''इस सरकार के साथ मिलीभगत करने'' में एक-दूसरे से आगे रहता है। बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है।



निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, 'डुप्लिकेट' प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, ''जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के आचरण के बारे में जितना कम कहा जाए उतना ही बेहतर है। एसआईआर पर उन्होंने कहा, ''मेरे अनुसार यह पूरी तरह से असंवैधानिक प्रक्रिया है। आयोग के पास नागरिकता के मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है और वह भी एक ब्लॉक स्तर के अधिकारी द्वारा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''मैं कहता रहा हूं कि वे (भाजपा) किसी भी तरह चुनाव जीतने के लिए हरसंभव हथकंडा अपनाते हैं। दरअसल, विशेष गहन पुनरीक्षण की यह पूरी प्रक्रिया आने वाले समय में बहुसंख्यकवादी सरकारों को बनाए रखने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, ''यही मंशा है क्योंकि अगर आप गरीब लोगों, हाशिए पर पड़े लोगों, आदिवासियों के नाम हटा देंगे, तो आप यह सुनिश्चित कर देंगे कि बहुसंख्यकवादी पार्टी हमेशा जीते। इसलिए यह सुनिश्चित करने का एक और तरीका है तथा यह बहुत चिंताजनक है। सिब्बल ने कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि उन्हें निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता पर बिलकुल भी विश्वास नहीं है, क्योंकि इस संस्था ने वह स्वतंत्रता प्रदर्शित नहीं की है जिसकी उससे अपेक्षा की जाती है। उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश पर सिब्बल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में वकील हैं। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि अदालत ने जो कुछ भी कहा है, निर्वाचन आयोग उसे ध्यान में रखेगा। ताकि यह विवाद आगे न बढ़े। संसद के मानसून सत्र के शुरू होने का उल्लेख करते हुए सिब्बल ने कहा कि एसआईआर का मुद्दा आज चर्चा में आए किसी भी अन्य मुद्दे से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र का मुद्दा भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ''निर्वाचन आयोग अभी तक यह स्पष्ट नहीं कर पाया है कि केवल उन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में अचानक वृद्धि कैसे हुई, जहां भाजपा जीती है।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने फिल्म अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव के निधन पर जताया शोक

एजेंसी

हैदराबाद। तेलुगू फिल्मों के दिग्गज अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव के निधन के बाद से राजनीतिक दलों के नेताओं, मंत्रियों और फिल्मी हस्तियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जी रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने भी उनको नमन किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता कोटा श्रीनिवास राव जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद और व्यक्तिगत रूप से पीड़ादायक है। कोटा श्रीनिवास राव एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार थे, जिन्होंने फिल्मों में अपनी अविस्मरणीय भूमिकाओं से दर्शकों के दिलों में स्थायी छाप छोड़ी। उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कारों और प्रतिष्ठित नंदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्रीनिवास राव राजनीतिक जीवन में भी उतने ही सक्रिय थे। संयुक्त आंध्र प्रदेश के दौरान विधायक के रूप में चुने गए कोटा जी जन समस्याओं को उठाने में सदैव अग्रणी रहे। विशेष रूप से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों को अपने कार्यकाल के दौरान विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाते रहे। मंत्री संजय कुमार ने बताया, ''उनके पदयात्रा के दौरान श्रीनिवास राव ने कई सुझाव दिए और हर बार प्रोत्साहित किया। जब भी जनहित के लिए संघर्ष किया, उन्होंने मेरी सराहना की तथा मुझे और अधिक लोगों के बीच जाकर काम करने के लिए प्रेरित किया। वे एक सच्चे नेता थे, जिन्होंने हर कदम पर मुझे मार्गदर्शन और हौसला दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोटा श्रीनिवास राव का निधन भारतीय जनता पार्टी और फिल्म जगत, दोनों के लिए एक अपूरणीय क्षति है।उन्होंने कहा, ''मैं कोटा जी के परिवार, प्रशंसकों और शुभचिंतकों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि वो दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।''

# चौहान ने नकली उर्वरकों की समस्या पर राज्यों को सख्त कदम उठाने को कहा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर एक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान का उद्देश्य नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री को रोकना और किसानों को सही और गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें सही समय पर किफायती और गुणवत्ता वाले उर्वरक मिलना जरूरी है। उन्होंने बताया कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत नकली या घटिया उर्वरकों



की बिक्री प्रतिबंधित है और इसके उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाती है।

मंत्री ने राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वे उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें और कालाबाजारी, अधिक मूल्य निर्धारण जैसी अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। साथ ही, नकली और घटिया उर्वरकों की पहचान के लिए नियमित जांच, नमूना परीक्षण और कड़ी निगरानी जरूरी है। उन्होंने नैनो-उर्वरकों या जैव-उत्तेजक उत्पादों की जबरन टैगिंग पर भी रोक लगाने को कहा है।

इसके अलावा, दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जैसे लाइसेंस रद्द करना और प्राथमिकी दर्ज करना आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि राज्यों को किसानों और किसान समूहों को निगरानी में शामिल करना चाहिए और उन्हें नकली उत्पादों की पहचान के लिए जागरूक करना चाहिए। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य स्तर पर इस अभियान की नियमित समीक्षा से नकली उर्वरकों की समस्या को जड़ से खत्म किया जा सकता है और किसानों को बेहतर लाभ पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने सभी राज्यों से इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया है।

# ट्रम्प ने यूरोपीय संघ, मैक्सिको पर लगाया 30% का शुल्क, दोनों ने कहा अनुचित निर्णय

एजेंसी

नयी दिल्ली/ वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अंतराष्ट्रीय व्यापार जगत में उथल-पुथल करने वाले एक और निर्णय में अपने देश के साथ व्यापार करने वाले दो प्रमुख पक्षों- यूरोपीयसंघ और मैक्सिको के विरुद्ध पहली अगस्त से 30-30 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। उनके इस निर्णय पर अमरीका के सहयोगी असहज और उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करनी शुरू कर दी है।

श्री ट्रम्प ने शनिवार को यूरोपीय संघ के अधिशासी निकाय यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लियेन और मैक्सिकों की राष्ट्रपति क्लाडिया शेइनबाउम को अलग-अलग पत्र लिख कर उन्हें अपनी सरकार के इन निर्णयों की जानकारी दी।

राष्ट्रपति ट्रम्म ने अपने सोसल मीडिया मंच ट्रुथ सोसल पर भी इन निर्णयों का संप्रेषित किया। यूरोपीय संघ और मैक्सिको देनों ने श्री ट्रम्प की इन घोषणाओं को अनुचित और व्यापार में विघ्न डालने वाली कार्रवाई बताया है। साथ ही उनकी ओर से अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने और अगस्त से पहले व्यापार समझौता करने की मंशा व्यक्त की गयी है।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला लियेन ने कहा है कि संघ अपने हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा और आवश्यक हुआ तो जवाबी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समाधान के लिए बातजीत जारी रखने और यूरोप तथा अमेरिका के बीच रचनात्मक भागीदारी के प्रति यूरोपीय आयोग की प्रतिबद्धता जतायी है।

मैक्सिको ने अमेरिकी निर्णय को अनुचित व्यवहार बताते हुए कहा कि वह इसे सहमत नहीं है। मैक्सिको की ओर से जारी एक सरकारी बयान में कहा गया है वह अमेरिका के साथ बातचीत कर के एक ऐसी प्रशुल्क व्यवस्था किये जाने को तैयार है जिससे सीमा के दोनों ओर कारोबार और रोजगार के हित में हो। फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुयेल मैक्रां ने अमेरिका के इस निर्णय से अपनी कड़ी असहमति जताते हुए 27 देशों के संघ यूरोपिय संघ से अपील की है कि वह 'यूरोपीय हितों की डट कर रक्षा करें।' उन्होंने संघ से कहा है कि वे ' इस फैसले केउप विरुद्ध विश्वसनीय उपाय करने के लिए अपने पास उपलब्ध सभी संसाधनों को इकठ्ठा करें। श्री मैक्रां ने यह भी कहा है कि उनका देश एक अगस्त से पहले-पहले अमेरिका के साथ परस्पर स्वीकार्य व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत में यूरोपीय आयोग का पूरा साथ देगा। उन्होंने सोसल मीडिया पर अपनी टिप्पणी में कहा कि यूरोपीय संघ और अमेरिका का एक दूसरे के प्रति बड़ा आभार है।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने कहा कि प्रशुल्क मुद्रास्फीति बढ़ाने वाले होते हैं, इनसे अनिश्चितता बढ़ती है तथा आर्थिक वृद्ध पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय परिषद विश्व भर के देशों के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध बनाने का प्रयास करती रहेगी।


स्पेन और जर्मनी ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने श्री ट्रम्प के एकतरफा निर्णय को अनुचित बताया है जबकि जर्मनी आर्थिक मामलों की मंत्री कैथरीना रीख ने कहा कि यूरोपीय संघ को अमेरिका के साथ बाकी बचे समय में व्यावहारिक ढंग से बातचीत कर मुद्दों का समाधान निकालने का प्रयास जारी रखना चाहिए।

# हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट, 227 सड़कें बंद

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चेतावनी दी है कि 14 से 17 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान कांगड़ा और सिरमौर जिलों में 14 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि मंडी, शिमला और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। 15 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी वर्षा का येलो अलर्ट रहेगा। 16 जुलाई को लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी सभी 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। वहीं 17 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर में फिर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। 18 और 19 जुलाई को हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है, लेकिन इन दिनों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

रविवार को मानसून की रफ्तार कुछ



धीमी रही और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ बना रहा। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। बीते 24 घण्टों के दौरान चम्बा जिला के जोत में सर्वाधिक 30 मिमी, शिमला के कुफरी में 20 मिमी और शिमला, चौपाल, कंडाघाट, पांवटा, सोलन और नारकंडा में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई।

प्रदेश में भूस्खलन के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार को भूस्खलन के कारण एक नेशनल हाईवे समेत 227 सड़कें बंद रहीं। मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 172 सड़कें और एनएच-22 ठप पड़े हैं। मंडी के सराज उपमंडल में ही 93 सड़कें बाधित हैं। बिजली और पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। यहां 30 जून को बादल फटने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रदेश में 76 बिजली ट्रांसफार्मर और 787 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। अकेले मंडी में 68 ट्रांसफार्मर और 175 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा में 612 पेयजल योजनाएं और हमीरपुर में 166 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं।

मानसून सीजन में अब तक बारिश जनित हादसों में 95 लोगों की मौत हो चुकी है, 33 लापता हैं और 175 घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा 21 मौतें मंडी में, कांगड़ा में 14, कुल्लू में 10, चंबा में 9 और हमीरपुर व बिलासपुर में 7-7 लोगों की मौत दर्ज की गई है। इस दौरान राज्य में 1007 मकान आंशिक या पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए, 185 दुकानें और 785 गौशालाएं तबाह हो चुकी हैं। मंडी जिले में सबसे अधिक 809 घर, 163 दुकानें और 638 गौशालाएं प्रभावित हुई हैं। आपदाओं से पशुपालन और कृषि को भी नुकसान पहुंचा है। अब तक 21,500 पोल्ट्री पक्षियों और 953 अन्य पशुओं की मौत हो चुकी है। 20 जून से अब तक बादल फटने की 22, फ्लैश फ्लड की 31 और भूस्खलन की 18 घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन आपदाओं से प्रदेश को अब तक करीब 751 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो चुका है, जिसमें जल शक्ति विभाग को 408 करोड़ और लोक निर्माण विभाग को 327 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

# दुबई में भारतीय समुदाय के नागरिकों उद्योगपतियों ने डॉ. यादव का किया स्वागत

एजेंसी

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी 7 दिवसीय यात्रा पर रविवार को दुबई पहुंचे। ताज होटल में भारतीय समुदाय के नागरिकों और उद्योगपतियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मालवा क्षेत्र के पुराने साथी भी मिले, जिनसे मिलकर वे भावुक हो गए। मुख्यमंत्री के आत्मीय और सरल व्यवहार ने सभी मेजबानों का दिल छू लिया।

आत्मीय स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने लिखा, ल्लदुबई में भारतीयों ने अपनी मेहनत, संस्कृति और संस्कारों से विशेष पहचान बनाई है। यूएई प्रवास के दौरान दुबई स्थित ताज होटल में भारतीय भाई-बहनों और युवाओं से भेंट कर हृदय आनंदित है। सभी की आत्मीयता के लिए हार्दिक आभार! उन्होंने अपनी यात्रा



की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेश को आकर्षित करना, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना और रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना है। यह दौरा प्रदेश को वैश्विक मंच पर एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मुख्यमंत्री की यह विदेश यात्रा न केवल प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि रोजगार सृजन, तकनीकी उन्नयन और सांस्कृतिक प्रचार के माध्यम से मध्यप्रदेश को दीर्घकालिक लाभ भी पहुंचाएगी। यह यात्रा राज्य को औद्योगिक और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो सकती है।

# वामपंथ से राष्ट्रवाद तक का सफर: पैर कटने के बाद भी नहीं मानी हार, सदानंदन मास्टर राज्यसभा के लिए नामित

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को वरिष्ठ समाजसेवी और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर के साथ-साथ स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर उज्ज्वल निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और इतिहासकार मीनाक्षी जैन सहित कुल चार लोगों को राज्यसभा के लिए नामित किया। संविधान के अनुच्छेद 80(3) के तहत इन लोगों की नामांकित किया गया। यह अनुच्छेद उन लोगों को उच्च सदन में स्थान देने की अनुमति देता है जिन्होंने साहित्य, विज्ञान, कला या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया हो।

केरल के कन्नूर जिले से आने वाले सदानंदन मास्टर एक समय कम्युनिस्ट विचारधारा से प्रभावित थे। उनका परिवार भी वामपंथी विचारधारा से जुड़ा था। पिता शिक्षक और सीपीआई(एम) समर्थक, भाई भी पार्टी में सक्रिय थे। छात्र जीवन में जब वे स्नातक की पढ़ाई कर रहे थे, तब वामपंथी सोच उनका मार्गदर्शक बनी। लेकिन 1984 में जब उन्होंने आरएसएस की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आधारित विचारधारा को पढ़ना शुरू किया, तो उनके विचार बदलने लगे। प्रसिद्ध मलयालम कवि अक्किथम की रचना 'भारत दर्शनंगल' ने उनके विचारों में निर्णायक परिवर्तन लाया और उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उनके सामाजिक और वैचारिक जीवन में निर्णायक मोड़ साबित हुआ।

हालांकि विचारधारा बदलने की यह कीमत उन्हें बहुत महंगी पड़ी। 25 जनवरी 1994 की रात उस समय उनकी जिंदगी हमेशा के लिए बदल गई जब सीपीआई(एम) से जुड़े कुछ लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया। उस दिन वह स्कूल से लौट रहे थे और घर में बहन की सगाई का जश्न चल रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे कुछ हमलावरों ने उन्हें बस से उतरते ही घेर लिया और उनके दोनों पैर बेरहमी से काट दिए। यह हमला महज प्रतिशोध नहीं था, बल्कि उन लोगों के लिए एक चेतावनी थी जो विचारधारा बदलने की हिम्मत करते थे। लहूलुहान हालत में वे सड़क किनारे पड़े रहे, किसी की हिम्मत नहीं हुई कि उनकी मदद करे। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक वे बेहोश हो चुके थे। मात्र 30 साल की उम्र में उन्होंने अपने दोनों पैर गंवा दिए।

लेकिन यह हादसा उनके जीवन की गति को नहीं रोक सका। लंबी शारीरिक और मानसिक लड़ाई के बाद उन्होंने 1999 में फिर से अध्यापन कार्य शुरू किया। त्रिशूर जिले के पेरमंगलम स्थित श्री दुर्गा विलासम हायर सेकेंडरी स्कूल में वे सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बने। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने नई ऊर्जा के साथ काम किया और शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई में भी भागीदारी की। वे केरल में नेशनल टीचर्स यूनियन के उपाध्यक्ष बने और संगठन की पत्रिका 'देशीय अध्यापक वार्ता' का संपादन भी करते हैं। इसके अलावा वे भारतीय विचार केंद्रम से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं जो एक वैचारिक मंच है। राजनीति में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बीजेपी ने उन्हें 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में कोथुपरम्बा सीट से उम्मीदवार बनाया। यह वही इलाका है जहां 1990 के दशक में राजनीतिक हत्याएं आम बात थीं। चुनाव हारने के बावजूद उनका संघर्ष और योगदान कभी रुका नहीं। हाल ही में उन्हें केरल भाजपा का उपाध्यक्ष भी बनाया गया। इससे उनकी पार्टी के भीतर हैसियत के बारे में साफ अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने अपनी कॉलेज की सहपाठी वनीता रानी से विवाह किया, जो स्वयं भी शिक्षिका हैं।

# पेज एक का शेष

## राष्ट्रपति ने राज्यसभा...

हैं। युवा सशक्तीकरण के प्रति उनकी गहरी आस्था है। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति जी द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने पर उन्हें बधाई। सांसद के रूप में उनकी भूमिका के लिए शुभकामनाएं। मास्टर केरल के कन्नूर ज़िले में 2016 और 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार थे। वह पूर्व शिक्षक हैं। वर्ष 1994 में कथित तौर पर उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उनके दोनों पैर काट दिए थे।

## डीजल ले जा रही...

तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर स्टेशन मास्टर ने एहतियात के तौर पर 'ओवरहेड' बिजली आपूर्ति बंद कर दी। रेलवे ने कहा, 'हालांकि जब तक ट्रेन को पूरी तरह रोका गया, तब तक आग 19वें डिब्बे तक फैल चुकी थी। इसके परिणामस्वरूप चेन्नई को बेंगलुरु, केरल और रेनुगुंटा/तिरुपति से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण चेन्नई-अरक्कोनम खंड में ट्रेन संचालन को निलंबित करना पड़ा। रेलवे की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार,''चेन्नई सेंट्रल से चलने वाली या वहीं समाप्त होने वाली 11 मेल/एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया, जबकि कई अन्य ट्रेन के मार्ग को परिवर्तित किया गया या उनके गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है। रेलवे के शीर्ष अधिकारियों ने जिला प्रशासन, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्नि एवं बचाव सेवाओं के समन्वय में राहत और पुनर्स्थापन कार्यों की निगरानी की। एहतियात के तौर पर आस-पास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया, हालांकि किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे ने कहा ,''कुल 30 डिब्बों और इंजन को सुरक्षित रूप से हादसे वाली जगह से अलग कर दिया गया और इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। 18 डिब्बे पूरी तरह जलकर खाक हो गए। एहतियाती उपाय के तौर पर चेन्नई-अरक्कोनम खंड में ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा आठ एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया है और पांच अन्य ट्रेन के मार्ग बदल दिए गए हैं तथा आठ ट्रेन को उनके गंतव्य स्थान से पहले ही रोक दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## बिहार में मतदाता...

दर्ज नामों की पुष्टि की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस पहल का उद्देश्य पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना और अपात्र नामों को सूची से हटाना है। यह अभियान बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इसके तहत शनिवार तक हर चार में से तीन मतदाताओं ने अपना नामांकन फ़ॉर्म जमा करा दिया है।

## उत्तर प्रदेश में मूसलाधार...

के एक मंजिला मकान पानी में डूब चुके हैं। रामघाट के मंदिर और दुकानें जलमग्न हो गई हैं। सड़कों पर नावें चलने लगी हैं। पर्यटकों को प्रशासन ने सुरक्षित निकाला है। कानपुर में भारी बारिश के कारण रेलवे ट्रैक धंस गया, जिससे कालिंदी एक्सप्रेस को बीच रास्ते में रोकना पड़ा। दरअसल, कानपुर में शुक्रवार सुबह से शाम तक बारिश से स्थिति खराब हो गई। चौबेपुर के मरियानी अंडरपास के पास भारी बारिश के कारण रेलवे ट्रैक की मिट्टी धंस गई। शनिवार सुबह जब कालिंदी एक्सप्रेस गुजरी तो चालक को झटका लगा। ड्राइवर ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाई। इससे बड़ा रेल हादसा टल गया। करीब 45 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही।

# मुख्यमंत्री का ग्रीन एण्ड क्लीन कांवड़ यात्रा का सपना हो रहा साकार

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनाया गया कांवड़ यात्रा मोबाइल एप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश व जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में कांवड़ यात्रा को स्वच्छ, सुन्दर व पर्यावरणीय अनुकूल बनाने के लिए विशेष पहल की गई है। जिसके अन्तर्गत कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ग्रीन एण्ड क्लीन कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन के लिए अल्प समय में ही कांवड़ यात्रा मोबाइल एप का निर्माण भी किया गया है। जिस पर कांवड़ियों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। देश के विभिन्न कोनों से कांवड़ यात्रा पर हरिद्वार पहुंचने वाले शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग एवं कांवड़ मेला क्षेत्र में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश व जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं यथा- पेयजल, शौचालय, स्नान, सफाई व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि व्यवस्थाओं की कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कांवड़ यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा स्वयं विभिन्न क्षेत्रों का लगातार औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परख के साथ ही विभिन्न माध्यमों से भी यात्रा मार्ग पर संचालित गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए पल-पल की खबर रखी जा रही है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा का धार्मिक, आध्यत्मिक व सांस्कृतिक रूप से बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कांवड़ मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने एवं यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुखद व सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इन्तजाम किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं तथा जन-मानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुपर जोनल, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रटों के साथ ही सम्बन्धित विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो और यदि फिर भी कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका बहुत ही कम समय में त्वरित गति से समाधान किया जा सके।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पल्ला क्षेत्र में यमुना नदी का किया निरीक्षण, पानी का सैंपल भी लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को पल्ला क्षेत्र में यमुना नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान यमुना के पानी का सैंपल भी लिया गया। यह वह क्षेत्र है, जहां यमुना हरियाणा से दिल्ली में प्रवेश करती है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बोट के माध्यम से जलस्तर और तटीय स्थिति का जायजा लिया। यमुना से पानी का सैंपल भी लिया गया है, ताकि गुणवत्ता की जांच की जा सके। मंत्री ने बताया कि पल्ला क्षेत्र में पानी बिल्कुल साफ है, लेकिन जैसे ही यमुना दिल्ली में प्रवेश करती है, उसका रंग गहरा और गंदा हो जाता है। दिल्ली में भी यमुना का पानी वैसा ही साफ और स्वच्छ करने का प्रयास सरकार कर रही है। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार बरसात के मौसम में पूरी तरह से सड़कों के प्रति सक्रिय है। आम आदमी पार्टी केवल 3-4 स्थानों की तस्वीरें दिखाकर पूरे शहर को जलमग्न बताने की कोशिश कर रही है, जबकि दिल्ली एक विशाल नगर है। हर स्थान पर ऐसा दृश्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां पानी कुछ ही मिनटों में निकल जाए, उसे जलभराव नहीं कहा जा सकता। जलभराव तब माना जाता है जब पानी 4-5 घंटे तक भी न निकले। अधिकतर स्थानों पर जल निकासी व्यवस्था ठीक से कार्य कर रही है।

# 'आत्मध्यान संकल्प महोत्सव' स्थानकवासी समाज की आध्यात्मिक उन्नति में ऐतिहासिक पहल : अतुल जैन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन गुजरात के सूरत में रविवार को आयोजित आत्म ध्यान संकल्प महोत्सव में शामिल हुए। इस महोत्सव का आयोजन कॉन्फ्रेंस की नवगठित ''आत्मध्यान प्रचार योजना'' के अंतर्गत आचार्य भगवंत डॉ. शिवमुनिजी म.सा. के सान्निध्य में हुआ। अतुल जैन ने इस पावन अवसर पर कहा कि यह महोत्सव स्थानकवासी समाज की आध्यात्मिक उन्नति, आत्मचिंतन और ध्यान एवं साधना की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। स्थानकवासी जैन समाज की एकता भावना श्रमण संघ के सानिध्य में पुष्ट होती रही है। इसी ध्येय को केंद्र में रखकर इस महत्वपूर्ण योजना की जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पाकिमार (प्रिंट) कति जैन को ही है। स्थानकवासी जैन समाज की एकता व भावना श्रमण संघ के सानिध्य में पुष्ट होती रही है। इसी ध्येय को केंद्र में रखकर इस महत्वपूर्ण योजना की जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिकुमार (पिंटू) कर्णावट जैन को दी है। हम सब बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि हमें आचार्य भगवंत शिवमुनिजी म.सा. का नेतृत्व मिल रहा है। उन्होंने कहा कि श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस अपने चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। इसके तहत आध्यात्मिक एवं सहधार्मिक मान्यताओं के साथ समस्त समाज के लिए कार्यक्रमों को जोड़ा गया है। पहली बार विभिन्न योजनाओं का गठन कर उन्हें सक्षम नेतृत्व प्रदान किया गया। इसमें मुख्य रूप से आत्मध्यान प्रचार योजना, हर प्रान्त जैन भवन, डाटा डिजिटलाईजेशन, जन कल्याण समिति (जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली समस्त सहायताओं को जन-जन तक उपलब्ध करवाने का कार्य), जैन भवन में राष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च सेंटर की स्थापना और पाण्डुलिपियों का संग्रह जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। अतुल जैन नेबताया कि आज आचार्य भगवन के सान्निध्य में विश्व शांति वर्ष घोषित कर रहा हूं। इसके अन्तर्गत विभिन्न आध्यात्मिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षमापना दिवस, जेलों में कैदियों को फल वितरण, साहित्य वितरण, देश के जवानों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन, पूज्य आचार्य भगवन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 84000 आयम्बिल/एकासन जैसे अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व शांति की कामना, 1008 गरीब कन्याओं का विवाह तथा वर्ष के अंत में एक विश्व स्तरीय शांति सम्मेलन का आयोजन शामिल है। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि आचार्य डॉ. शिवमुनि जी म.सा. के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की जिम्मेदारी श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली को दी जाए, जिससे कि त्रि-दिवसीय कार्यक्रम को दिव्यता और भव्यता के साथ मनाया जा सके।

# हरेला पर्व: पूर्व सैनिक रोपेंगे दो लाख पौधे, पर्यावरण संरक्षण में निभाएंगे अग्रणी भूमिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हरेला पर्व के अवसर पर पूर्व सैनिकों से प्रदेशभर में दो लाख से अधिक पौधे रोपने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस पारंपरिक पर्व को सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता का सशक्त माध्यम बनाया जाएगा। रविवार को पूर्व सैनिकों के साथ मंत्री गणेश जोशी ने हरेला पर्व के संबंध में बैठक की। इस दौरान मंत्री ने राज्य भर के पूर्व सैनिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे हरेला पर्व के पौधरोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाएं। इस दौरान मंत्री ने 16 जुलाई को हरेला पर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सामाजिक चेतना, पर्यावरण सरंक्षण और राष्ट्र सेवा का प्रतीक बनेगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए जो सेवा दी है, अब उसी समर्पण भाव से वे प्रकृति की रक्षा के लिए भी आगे आ रहे हैं। उन्होंने सभी से हरेला पर्व को हरित क्रांति के रूप में बदलने का संकल्प हम सभी को लेना होगा। बैठक में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल (से.नि.) रघुवीर सिंह भंडारी, कर्नल (सेनि) रविन्द्र सिंह रांगडा, पीबीआरओ अध्यक्ष शमशेर सिंह बिष्ट, सूबेदार राकेश प्रसाद, हवलदार विक्रम सिंह, सोबन सिंह रावत, जसपाल, राजे सिंह रावत सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## पंजाब सीमा पर पिस्तौल के पुर्जे व हेरोइन बरामद

जालंधर। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर दो अलग-अलग घटनाओं में सीमा पर पिस्तौल के पुर्जे और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि कल रात तरनतारन जिले के डल गाँव में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी की बीएसएफ खुफिया शाखा की सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ के जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक व्यापक तलाशी अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप तांबे के तार के लूप और पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे पिस्तौल के पुर्जे और एक मैगज़ीन बरामद हुई, जिसमें तीन रोशन करने वाली छड़ें लगी हुई थीं। कल शाम एक अन्य घटना में, विशिष्ट सूचना पर, एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान फिरोजपुर जिले के किल्चे गाँव के पास एक खेत से एक पैकेट हेरोइन (कुल वजन- 575 ग्राम) बरामद की गई। नशीले पदार्थों को पीले रंग के चिपकने वाले टेप और एक धातु की अंगूठी में लपेटा गया था।

# फगवाड़ा में ग्राम पंचायत यूनियन ने की मानदेय तुरंत जारी करने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में ग्राम प्रधानों (सरपंचों) के सामने बढ़ती चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, फगवाड़ा ब्लॉक की लगभग दो दर्जन पंचायतों के प्रतिनिधियों ने रविवार को स्थानीय विश्राम गृह में एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई।

बैठक में ग्रामीण विकास में बाधा डालने वाले प्रमुख मुद्दों और सरकारी कार्यालयों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को उचित सम्मान न मिलने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, सरपंचों ने ठप पड़े विकास परियोजनाओं और विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में उनकी भूमिका की निरंतर उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की। शनिवार, 19 जुलाई को फगवाड़ा विश्राम गृह में होने वाली आगामी बैठक में सर्वसम्मति से फगवाड़ा ब्लॉक पंचायत यूनियन के गठन का निर्णय लिया गया। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सरपंच बलविंदर कुमार (बघाना), बलविंदर कौर (हरदासपुर), रेशमो (सुन्नरा राजपुतान), पलविंदर सिंह (रामगढ़), मनजीत कुमार (गंधवान) और मीना कुमारी (किरपालपुर) ने अपनी चिंताओं को व्यक्त करने और ग्रामीण विकास पहलों के सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक सामूहिक मंच की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। नेताओं ने पंजाब सरकार से सरपंचों के लिए लंबे समय से लंबित मानदेय तुरंत जारी करने की पुरज़ोर माँग की और कहा कि ग्राम प्रधानों को अक्सर अपने मतदाताओं की ज़रूरतें पूरी करने के लिए निजी संसाधनों का इस्तेमाल करना पड़ता है। उन्होंने बीडीपीओ कार्यालयों, पुलिस थानों और अन्य सरकारी विभागों में भी सम्मानजनक व्यवहार की माँग की, जिससे ज़मीनी स्तर के नेताओं के सम्मान में आ रही गिरावट पर प्रकाश डाला जा सके।

सरपंच मीना कुमारी ने कहा, हम कोई एहसान नहीं मांग रहे हैं - हम अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए उचित मान्यता और समर्थन की मांग कर रहे हैं। आगामी 19 जुलाई की बैठक में पंचायत संघ की औपचारिक स्थापना तथा उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क स्थापित करने तथा जमीनी स्तर पर शासन संबंधी मुद्दों को सुलझाने के लिए इसकी रूपरेखा तैयार किए जाने की उम्मीद है।

# कपूरथला में हेरोइन व चूरा पोस्त जब्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए कपूरथला पुलिस ने ढिलवां के निकट रात की कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार किया और 500 ग्राम हेरोइन बरामद की । वहीं अलग छापेमारी में खुसरोपुर के निकट एक लावारिस वाहन से 120 किलोग्राम अफीम की भूसी जब्त की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव तूरा ने रविवार को बताया कि ढिलवां के पास यह घटना तब हुई जब एक पुलिस दल ने विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर संदिग्ध ड्रग तस्करों को रोकने के लिए एक चेकपॉइंट स्थापित किया। उन्होंने कहा कि राजप्रीत सिंह और मेहंगा सिंह के रूप में पहचाने गए दो व्यक्ति - दोनों अजनाला के निवासी - मोटरसाइकिल पर पर चेकपॉइंट के पास पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी को देखते ही मेहंगा सिंह घटनास्थल से भागने में कामयाब रहा, जबकि उसके साथी राजप्रीत सिंह को मौके पर ही पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी लेने पर अधिकारियों ने 500 ग्राम हेरोइन बरामद की। अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है, और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। एक समानांतर अभियान में, ज़िला पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए खुसरोपुर गाँव के पास एक लावारिस हालत में खड़ी एक स्कॉर्पियो एसयूवी बरामद की। इसके बाद वाहन की तलाशी लेने पर 120 किलोग्राम अफीम की भूसी बरामद हुई। हालाँकि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक और प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## सावन की प्रथम सोमवारी आज, मंदिरों में गुंजेंगे हर हर महादेव

सहरसा। ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान,डॉ रहमान चौक सहरसा बिहार के संस्थापक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है की कल सावन की पहली सोमवारी है। इस बार सावन मे चार सोमवारी लगे हैं। सभी मंदिरो मे महादेव के नाम का गूंज वातावरण मे नये ऊर्जा का संचार पैदा करेगा। मिथिलांचल में नव विवाहिता के लिए मधुश्रावणी की शुरुआत श्रावण मास कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि से होती है।जबकि समापन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को होती है। इस बार इसकी शुरुआत 15 जुलाई मंगलवार को और समापन 27 जुलाई रविवार को होगी।कोशी क्षेत्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी के अनुसार,मिथिला की परंपराओं मे मधुश्रावणी के दौरान महिलाएं रोजाना बगीचों से फूल और पत्ते चुनती हैं और उससे विषहारा, मतलब नाग और शिव-पार्वती की पूजा करती हैं।फूल चुनने के क्रम में उनके गीतों से माहौल गमक उठता है।15 दिन के इस पूजा के दौरान नवविवाहिता को दो दिन नाग देवता की कथा सुनाई जाती है।

# खेल से स्वास्थ्य, टीम भावना, अनुशासन और देशभक्ति का विकास: विधायक रवि बहादुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। शिवडेल स्कूल में हरिद्वार जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में ज्वालापुर के विधायक रवि बहादुर, गुरुकुल कांगड़ी के कुलपति प्रभात सेंगर और शिवडेल स्कूल के संस्थापक स्वामी शरद पुरी महाराज ने शिरकत की।

विधायक रवि बहादुर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये टीम भावना, अनुशासन और देशभक्ति जैसे महत्वपूर्ण गुणों को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रभात सेंगर ने गुरुकुल कांगड़ी की परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दिया जाता रहा है।

उन्होंने जिला स्तर पर बास्केटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन को युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया। शिवडेल स्कूल के संस्थापक स्वामी शरद पुरी महाराज ने कहा कि खेलों का संबल युवाओं को जीवन में सफलता दिलाता है। उन्होंने हरिद्वार जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की इस तरह के आयोजनों के लिए सराहना की, जो युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हरिद्वार जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने बताया कि इस चैंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं है, बल्कि युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करना भी है।

## मुंगेर में 26.61 करोड़ की लागत से उच्चस्तरीय पुल का होगा निर्माण: सम्राट चौधरी

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुंगेर जिले में 26 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत से एक महत्वपूर्ण पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि जमालपुर जीएन बांध से झौआ बहियार हरिणमार्ग-अथहसिया-गोगरी बांध रोड में चैनेज 12+890 पर 821.00 मीटर आकार का उच्चस्तरीय टएए पुल बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 2661.00 लाख (26 करोड़ 61 लाख) रुपये की लागत आएगी। सम्राट चौधरी ने रविवार को बयान जारी कर कहा- पुल निर्माण से आवागमन सुगम और सुरक्षित बनेगा। वर्तमान में इस मार्ग पर बरसात के दिनों भारी जलजमाव की स्थिति में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। नए पुल के निर्माण से यह समस्या स्थायी रूप से हल होगी और आसपास के गांवों तथा बाजारों में संपर्क स्थापित होगा। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि यह कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा कराया जाएगा। योजना की निविदा, तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद प्रारंभ होगी। साथ ही, अगर संबंधित मार्ग ओपीआरएमसी के तहत है तो पहले उसे विलोपित किया जाएगा। यदि यह किसी अन्य विभाग के अधीन है तो विधिवत हस्तांतरण और डीएलपी समाप्त होने के बाद ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063